



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 192 | कोरबा, मंगलवार , दिनांक 15 अप्रैल 2025 डाक 16 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली के संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की





**देश-विदेश**
लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में भीषण आग 200 से अधिक मरीजों को किया गया रेस्क्यू





**फीचर पेज**
जानें-अनजाने हम सभी कर रहे हैं माइक्रोप्लास्टिक का सेवन, इन तरीकों से करें कम




# लैंड डील मामले में ईडी दफ्तर पहुंचे रॉबर्ट वाड्रा, बोले- मेरी आवाज को दबाने की कोशिश

**नईदिल्ली, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा को एक बार फिर ईडी से बड़ा झटका लगा है। रॉबर्ट वाड्रा को लैंड डील मामले में पीएमएलए के तहत प्रवर्तन निदेशालय का समन भेजा गया है। इससे पहले 8 अप्रैल को भी बुलाया था पर वाड्रा पहुंचे नहीं थे। ईडी की तरफ से जारी नए समन में आज यानी की 15 अप्रैल को हाजिर होने के आदेश दिए गए हैं। आज ईडी रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ करेगी। यह मामला 2018 का है। यह गुरुग्राम में स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी और डीएलएफ के बीच 3.5 एकड़ जमीन के ट्रांसफर से जुड़ा केस है। इसमें धोखाधड़ी और नियमों के उल्लंघन के आरोप हैं। अक्टूबर 2011 में, अरविंद केजरीवाल ने रॉबर्ट वाड्रा पर डीएलएफ लिमिटेड से 65 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त कर्ज और जमीन पर मोटी रकम राजनीतिक फेवर के बदले लेने का आरोप लगाया था।

समन मिलने के बाद कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा अपने घर से ईडी कार्यालय पहुंच गए हैं, उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब भी मैं लोगों के लिए आवाज उठाता हूं और उनकी बात सुनता हूं, तो वे मुझे दबाने की कोशिश करते हैं... मैंने हमेशा सभी सवालों के जवाब दिए हैं और आगे भी देता रहूंगा। कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने आगे कहा, हमने ईडी से कहा कि हम अपने दस्तावेज जुटा रहे हैं, मैं हमेशा यहां आने के लिए तैयार हूं मुझे उम्मीद है कि आज कोई निष्कर्ष निकलेगा। मामले में कुछ भी नहीं है... जब मैं देश के पक्ष में बोलता हूं तो मुझे रोका जाता है, राहुल को संसद में बोलने से रोका जाता है। रॉबर्ट वाड्रा ने आगे ये भी कहा-भाजपा ऐसा कर रही है। यह राजनीतिक प्रतिशोध है।

लोग मुझे प्यार करते हैं और चाहते हैं कि मैं राजनीति में शामिल हो जाऊं... जब मैं राजनीति में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करता हूं, तो वे मुझे नीचे गिराने और वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए पुराने मुद्दे उठाते हैं। पिछले 20 सालों में मुझे 15 बार बुलाया गया और हर बार 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। 23000 दस्तावेजों को जुटाना आसान नहीं है। अंबेडकर जयंती के मौके पर वाड्रा ने राजनीति में एंट्री को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि आने वाले समय में इसके लिए पूरी ताकत के साथ काम किया जाएगा। अगर जनता चाहती है तो मैं पूरी कोशिश करूंगा। हालांकि अपनी राजनीतिक एंट्री को लेकर वे कई बार इच्छा जाहिर कर चुके हैं।




**महाराष्ट्र 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

तेजी से घटते जल भंडार को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है, राज्य भर के बांधों में मौजूदा जल भंडार उनकी कुल भंडारण क्षमता का केवल 41.3 प्रतिशत रह गया है। पुणे क्षेत्र सबसे गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है, जहां के जलाशयों में उनकी क्षमता का केवल 36.31 प्रतिशत जल ही बचा है। इस बीच, अमरावती क्षेत्र 50.09 प्रतिशत जल भंडार के साथ सबसे स्थिर स्थिति में है। अधिकारी दबाव में हैं क्योंकि मौजूदा भंडार को कम से कम जुलाई के मध्य तक राज्य की जल आवश्यकताओं को पूरा करने की आवश्यकता है, जब मानसून के इस क्षेत्र को पूरी तरह से कवर करने की उम्मीद है। राज्य में छोटे से लेकर बड़े ढांचों तक 2,997 बांध हैं, जिनकी संयुक्त भंडारण क्षमता 40,498 मिलियन क्यूबिक मीटर है। अप्रैल के मध्य तक, केवल 30,034 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचा है, जो 41.3 प्रतिशत स्टॉक बनाता है। हालांकि यह पिछले साल की इसी अवधि के 35.16 प्रतिशत के आंकड़े से थोड़ा बेहतर है, लेकिन अधिकारी सतर्क हैं। यह चिंता तीव्र गर्मी की भविष्यवाणी के कारण बढ़ गई है, जो पहले से ही नाजुक जल स्थिति को और अधिक तनावपूर्ण बना सकती है।

## तेजस्वी को नेता माना तो कांग्रेस की राजनीतिक दुर्गति होगी: नीरज कुमार

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच एनडीए और इंडी गठबंधन अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। इंडी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव मंगलवार तड़के दिल्ली पहुंचे, जहां वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करेंगे। इस संभावित बैठक को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने तीखी प्रतिक्रिया दी। नीरज कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि यह महागठबंधन का आंतरिक मामला है। लालू प्रसाद यादव के लिए तेजस्वी यादव एक राजनीतिक बोझ बन चुके हैं। लेकिन, कांग्रेस जिसने स्वतंत्रता संग्राम और देशहित में अनेक कुर्बानियां दी हैं, अगर वह एक ऐसे व्यक्ति के सामने राजनीतिक आत्मसमर्पण कर देती है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आईपीसी की धारा 420 के मामलों में आरोपी है, तो यह कांग्रेस की राजनीतिक दुर्गति का प्रतीक है।

## केरल में आंधी के साथ बारिश, कल्लकदल की चेतावनी जारी

**तिरूवनंतपुरम, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के तटीय भाग में कल्लक्कदल घटना को लेकर विशेष अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) ने कल रात 11.30 बजे तक केरल तट पर 1.1 से 1.4 मीटर ऊंची लहरों के कारण समुद्र के कटाव की संभावना की जानकारी दी है। राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान अनुसंधान केंद्र ने भी कल्लक्कदल घटना के तहत आज रात 11.30 बजे तक कन्याकुमारी तट पर 1.0 से 1.2 मीटर ऊंची लहरों के कारण समुद्र के कटाव की संभावना की जानकारी दी है। मौसम विभाग ने समुद्री कटाव की संभावना के कारण मछुआरों और तटीय निवासियों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। चूंकि समुद्र की स्थिति खराब होने की संभावना है, इसलिए निवासियों को अधिकारियों की सलाह के अनुसार खतरे वाले क्षेत्रों से बाहर निकल जाना चाहिए। मछली पकड़ने वाले जहाजों (नावों, नौकाओं) को बंदरगाह में सुरक्षित रूप से बांधकर रखें। नावों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखने से टकराव के जोखिम से बचा जा सकता है। मछली पकड़ने के उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।



केरल में आज अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएँ चलने की संभावना है। 18 अप्रैल तक जिले में गरज के साथ बारिश की संभावना है। हालाँकि, आज जिले में बारिश की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## बेलगावी में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, रेल सेवाएं बाधित, रूट बहाली का काम तेजी से जारी



**बेलगावी।** कर्नाटक में मंगलवार सुबह मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। इस वजह रेल सेवाएं बाधित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह बेलगावी रेलवे स्टेशन में प्रवेश करते समय एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे इस मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हो गईं। फिलहाल किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना बेलगावी में कांग्रेस रोड पर मिलिट्री महादेव मंदिर के सामने ट्रैक पर हुई। मालगाड़ी महाराष्ट्र के मिराज की ओर जा रही थी।

## आगजनी में गिफ्ट शॉप जलकर खाक



**बिलासपुर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

जिले के प्रिंस नावेल्टी दुकान में भीषण आग लग गई। इस भयावह आग से दुकान का सामान जलकर खाक हो गया। दरअसल यह पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीपारा की है। कई घंटे बीत जाने के बाद दमकल के मदद से आग पर काबू पाया गया। बता दे कि आग लगने का कारण अभी तक अज्ञात है। मिली जानकारी अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं बीते दिनों भाटापारा थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित एक चाय की दुकान को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

असामाजिक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों और आम नागरिकों में भय का माहौल है। इस मामले में चाय दुकान के संचालक अनूप दुबे ने बताया कि, वह रात करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर आग लगी हुई थी। उन्होंने तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दुकान में रखा काफी सामान जल चुका था।

## मिनी बस अनियंत्रित होकर पलटी, 5 लोग घायल



**राजौरी 15 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार को एक मिनी बस पलट गई। इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को बचाया और उन्हें जीएमसी राजौरी पहुंचाया। यह हादसा जिले के मंजाकोट के घंबीर मुगलान इलाके में हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, जेके02क्यू-2158 नंबर की मिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार पुरुष यात्री और एक महिला यात्री घायल हुए है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) राजौरी भेज दिया गया।एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि सभी पांचों घायल स्थिर स्थिति में हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्री के घर पर ईडी का छापा, कहा- राहुल गांधी सत्ता में आएंगे तो हम भी बीजेपी के खिलाफ यही करेंगे



**जयपुर, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2,850 करोड़ रुपये के पीएसीएल घोटाले में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर छापा मारा। इस मामले में ईडी कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास की भूमिका की जांच में जुटी है। पीएसीएल ने देशभर में लगभग 5.85 करोड़ निवेशकों को ठगा था। सेबी ने साल 2014 में कंपनी के खिलाफ एक्शन लिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो 2016 में 1.86 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति की वसूली और निवेशकों को पैसे लौटाने के उद्देश्य से एक समिति बनाई। अब इसी मामले में ईडी ने एक्शन लिया है।

उधर, छापेमारी पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी यहां तलाशी और छापेमारी करने आई है। मैं उनके साथ सहयोग कर रहा हूं। ईडी अपना काम कर रही है और मैं अपना काम करूंगा। मेरा मानना है कि भाजपा को ईडी का इस्तेमाल करके राजनीति नहीं करना चाहिए। प्रताप सिंह खाचरियावास किसी से नहीं डरता है। मुझे इन सरकारों का इलाज करना आता है। प्रताप सिंह ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार कान खोलकर सुन ले। ईडी और इनकम टैक्स कुछ भी भेज दो। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भ्रष्टाचार करने वालों को डरना चाहिए। मैं नहीं डरूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे ईडी की तरफ से कोई नोटिस नहीं दिया गया। ईडी ने सीधे यहां छापेमारी की। इसे मैं गलत मानता हूं। प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि मेरे ऊपर कोई भी चिटफंड का मामला नहीं है। ये गलत बात है। प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं.. यह समय भी बदलेगा। कल्पना कीजिए कि जब राहुल गांधी सत्ता में आएंगे तो भाजपा का क्या होगा। आपने (भाजपा ने) ये कार्रवाई शुरू की है। हम भी भाजपा के लोगों के खिलाफ यही करेंगे।

## तेजी के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स में 1500 से ज्यादा अंक की बढ़त, निफ्टी 23 हजार के पार

*__नई दिल्ली।__ इस हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज 15 अप्रैल 2025 को शेयर बाजार में सुनहरी शुरुआत हुई है। कल यानी 14 अप्रैल सोमवार को आंबेडकर जयंती के कारण शेयर*



*बाजार में ट्रेडिंग बंद थी। प्री-ओपन से ही मार्केट में तूफानी तेजी हो रही थी। सेसेंक्स 1600 अंक से ज्यादा चढ़ चुका है। वहीं निफ्टी में 500 अंक की उछाल है। बीएसई सेंसेक्स 1400 अंक से ज्यादा चढ़कर 76,740 पर ट्रेड कर रहा है। निफ्टी में खरीदारी का माहौल है। एनएसई निफ्टी लगभग 500 अंक चढ़कर 23,300 पर कारोबार रहा है।*

## तमिलनाडु में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध शुरू

*__तमिलनाडु ।__ मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगना शुरू हो गया है। नतीजतन, रामनाथपुरम जिले में 1,650 से ज़्यादा मछली पकड़ने वाली नावें अपने-अपने बंदरगाहों पर फंसी हुई हैं। मछुआरों ने मांग की है कि केंद्र*



*सरकार प्रतिबंध अवधि के दौरान भारतीय और श्रीलंकाई मछुआरों के बीच बातचीत शुरू करे ताकि समाधान निकाला जा सके। तमिलनाडु में 15 अप्रैल से 15 जून तक पावरबोट पर 61 दिनों का प्रतिबंध लागू है, जिसे मछली प्रजनन का मौसम माना जाता है।*

## बुलढाणा में भीषण सड़क हादसा, ट्रक और बस की टक्कर में 3 लोगों की मौत, 20 घायल

**बुलढाणा, 15 अप्रैल [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 20 से ज्यादा लोग बुरी तरह से घायल हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की वजह ट्रक और बस की जोरदार टक्कर है। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार यह हादसा महाराष्ट्र के बुलढाणा में खामगांव-नादुरा रोड पर हुआ है। यहां एक प्राइवेट बस अचानक एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक और बस दोनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया।

हादसे में 3 लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। वहीं, बस में सवार 20 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घाटलों को अकोला अस्पताल में भर्ती किया गया है। बुलढाणा से हादसे का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हादसे का मंजर देखा जा सकता है। हादसा इतना भयानक था कि पास में मौजूद ईंट की दीवार भी टूटकर बिखर गई। मध्य प्रदेश परिवहन की प्राइवेट बस और ट्रक के बीच में टक्कर हुई है। हादसे की सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। घटना से जुड़ी अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है।








स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

### अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का किया गया सम्मान

# संविधान रहेगा तो हम सभी रहेंगे, संविधान से ही देश चल रहा : श्रम मंत्री लखन लाल





### आम्बेडकर जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केंद्र के लिए ग्राम पंचायतों से किया गया एमओयू

**कोरबा ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज राज्य शासन के दिशा निर्देश के तहत सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन में उद्योग, श्रम एवं वाणिज्य मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया और संविधान की रक्षा के प्रति संकल्पित किया। मंत्री श्री देवांगन ने सभी को बाबा साहेब डॉ. आम्बेडकर की जयंती पर बधाई देते हुए कहा की आज का दिन गौरवान्वित होने का दिन है। आज पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी बाबा साहेब की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बाबा साहेब ने देश की संविधान की रचना की। आज देश इसी संविधान से संचालित हो रहा है।

भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और महान संविधान है, हम सभी की रक्षा इसी संविधान से होती है। संविधान रहेगा तो हम रहेंगे। संविधान से हमे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। हम सभी संविधान का पालन कर देश एकता और अखंडता को मजबूत बना सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने वर्चुवली जुड़ कर सभी को संबोधित किया और बाबा साहेब डॉ. आम्बेडकर की जयंती की सबको बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्य में मोदी की गारंटी के तहत किए जा रहे कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए पीएम आवास के लिए हितग्राहियों की पात्रता को शिथिल करने की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने आगे कहा की बाबा साहेब का जीवन हमेशा संघर्षों से बीता है, संघर्षों के बावजूद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनके कर्तव्यों और आदर्शों से सभी को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि संविधान के कारण ही बड़े-बड़े उद्योग, कार्यालय, शासकीय व्यवस्था संचालित हो रही है। आज वे जीवित नहीं है लेकिन उनके द्वारा किए गए महान कार्य की बदौलत वे अमर और महान हो गए हैं। आज सामाजिक और राजनीतिक लोग बाबा साहेब को याद करते हुए उन्हें माल्यार्पण कर रहे हैं, इससे अन्य लोगों को भी डॉ. आम्बेडकर के विषय में जानने का अवसर मिल रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक समरसता कार्यक्रम के माध्यम से आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेश की जनता से जुड़े। यह खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नियमों को शिथिल किया गया है इससे अन्य लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने पांच ग्राम पंचायतों करमंदी, जामबहार, बेला, गोढ़ी और केरा कछार को अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केंद्र से एमओयू का प्रमाण पत्र प्रदान किया।कार्यक्रम को कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर आज सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान संविधान की उददेशिका का भी वाचन किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी संविधान की वजह से है और संविधान का पालन करते हुए एक दूसरे का सम्मान करते हैं। बाबा साहेब डॉ. आम्बेडकर का जीवन संघर्षों से लड़ कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनके जीवन के आदर्श को हम सभी को अपनाने की जरूरत है।


हम सभी संविधान का पालन करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में रह कर, शिक्षा ग्रहण कर, संगठित होकर आगे बढ़ सकते हैं। हम सभी की जिम्मेदारी है कि देश को हम मजबूत बनाए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आर्थिक ही नहीं सामाजिक रूप से भी मजबूत होना चाहिए और हमारे देश का संविधान हम सभी को समान अवसर प्रदान कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी डॉ. आम्बेडकर के आदर्शों को अपनाने के साथ भेदभाव वाले आचरण को समाप्त कर उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लें। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जाती है, इन योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में कमजोर परिवारों को मिलता है।

कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल ने संबोधित करते हुए सभी को आम्बेडकर जयंती की बधाई दी और कहा की आज देश बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान से चल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले मोर द्वार, साय सरकार महा अभियान पखवाड़ा के संबंध में जानकारी दी गई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया।

**समाज के लोगों को किया गया सम्मानित**

मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने कार्यक्रम में श्री यूआर महिलांगे, आरडी भारद्वाज, जय कुमार लहरे, वेद राम चंद्राकर, संत दास दिवाकर, बसंत राम टंडन, मनीराम जांगड़े, बबलू डहरिया, सरजू अजय, चैतराम बघेल, अनंत कुमार, मनोज सिंह भारिया, रमेश सिरका, निर्मल सिंह राज, राजेश्वर तानु, नरेश टंडन को सम्मानित किया गया।

इसी तरह पंचायत एम्बेसडर आवास साथी उरगा के जनार्दन, कुकरी चोली के दीप्ती कंवर, रजगामार की सुमीत वर्मा, सेमी पाली के हरीश साहू, कुरूडीह के सम्मे कश्यप को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती सुष्मिता, कमलेश अनंत, सदस्य श्री रज्जाक अली, श्रीमती माया रूपेश कंवर, श्रीमती कौशल्या को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, एसडीएम श्री सरोज कुमार महिलांगे आदि उपस्थित थे।



### नेहरू युवा केंद्र संगठन कोरबा द्वारा मनाई गई अंबेडकर जयंती

**कोरबा।** युवा कार्यक्रम एवं मंत्रालय भारत सरकार से संबंधित नेहरू युवा केंद्र संगठन कोरबा द्वारा अंबेडकर जयंती पर उन्हें याद किया गया द्य इस अवसर पर ओपन थिएटर घंटाघर में स्थित डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। इस अवसर पर उनके विचारों को अपनाने के संदेश से आसपास की सफाई भी की गई। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन कोरबा के जिला युवा अधिकारी सुभजीत डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अर्पण नवयुवक मंडल एवं प्रीति युवती मंडल के सदस्यों ने सहभागिता निभाई।



### सोहागपुर में डॉ.अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**कोरबा।** ग्राम पंचायत सोहागपुर में विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया साथ ही सक्रिय मितानिन , आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, व समाज सेवकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम सोहागपुर के सरपंच विजय सिंह कंवर , उप सरपंच विजय जांगड़े , हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर के अध्यक्ष शीत चौहान , रोजगार सहायक शिरोमणि कंवर , लाल सिंह राजपूत, संजय चौहान , कन्हैयालाल पटेल , रामचरण महिलांगे, छात्र राम कुर्रे , पंच पुरुषोत्तम कुर्रे , रामनारायण कंवर , कुशल सिंह कंवर, अजय सिंह कंवर, गणपत सिंह कंवर जी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## गरीबों का राशन डकार गए सरपंच ,सचिव सुशासन तिहार में हुई शिकायत

### खाद्यान्न वितरण के पुर्व ही लगवा लिया फिंगर, हितग्राहियों में आक्रोश!

**कोरबा कोरबी चोटिया।** जिले के दुरस्त वनांचल ग्राम एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत जलके सबसे बड़ी दर्ज संख्या एवं 20 वार्ड में समाहित है,पिछले वर्ष 2024 में हितग्राहियों को 3 माह का खाद्यान्न अप्राप्त है तथा 2025 के माह अप्रैल में आजतक खाद्यान्न वितरण नहीं हुआ है, सरकार द्वारा मिलने वाली गरीबों का राशन को पुर्व सरपंच, एवं सचिव ने मिलकर डकार गए,इस संबंध में सरकार द्वारा चलाई गई , सुशासन तिहार, में दिनांक 9 अप्रैल से 11 तक आयोजित जलके, शिविर में महिलाएं एवं पुरुषों ने लगभग 3 माह का चावल ,शक्कर,चना, एवं नामक,अप्राप्त की शिकायत दर्ज कराई है,

हितग्राहीयो ने हमारे संवाददाता को बताया कि पर्व सरपंच, एवं सचिव की मनमानी से पंचायत की व्यवस्था पुरी तरह बिगड़ चुकी थी पंचायत के नवनिर्वाचित उप सरपंच राजेंद्र सिंह , ने बताया कि गरीबों को शासन द्वारा मिलने वाली राशन नियमित रूप से नहीं मिल रहा है, और पंचायत सचिव जितेंद्र सिंग,की मनमानी से पंचायत भवन में ग्राम सभा का बैठक भी नहीं कराया जा रहा था इतना नहीं सचिव मुख्यालय में ना रह कर पसान में भी पंचायत सचिव का कार्यभार संभाल रहा है और होटल (ढाबा) का संचालन करता है, जिससे ग्राम के भोले-भाले ग्रामीण दर दर भटकने को विवस होते है,इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र राज, बताया कि पंचायत में कुल राशन कार्ड संख्या लगभग 785 है और मार्च 2025 में कम राशन मात्र 58 क्विंटल शेष चांवल को किसी अन्य पंचायत के विक्रेता द्वारा वितरण कराया गया है , एक विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि सचिव जितेंद्र सिंग, सांठगांठ से विक्रेता धरमलाल, ने मार्च,का खाद्यान्न आवंटन 265 क्विंटल को फरवरी में वितरण कर दिया गया है, और पुरे राशन कार्ड हितग्राहियों का फिंगर पहले लगवा लिया गया, जिससे साफ सिद्ध होता है कि गरीबों का राशन की अफरातफरी कर हितग्राहियों को कम राशन बांटा जा रहा है,पिछले एक माह से अधिक हो गया सचिवों का हड़ताल चल रही है उसके पुर्व सचिव के द्वारा पंचायत राशि का लेखा जोखा, एवं वर्तमान निर्वाचित सरपंच फुलेश्वरी राज,को प्रभार भी नहीं दिलाया गया है,ग्राम की महिला एवं हितग्राही रेखा देवी धुर्वे , ने बताया कि मेरा परिवार की संख्या ज्यादा है और मुझे 3 महिने का राशन नहीं मिलने से परिवार की व्यवस्था चरमरा गई हैं रोजी मजदूरी कर अपने परिवार को वह पाल रही है! रामेश्वरी मरावी ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से राशन नहीं मिलने से समस्या उत्पन्न हो गई है, परिवार चलाना मुश्किल सा हो गया है, उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत के द्वारा अधिकृत विक्रेता धरमलाल, के द्वारा यह कहा गया कि पहले फिंगर लगवा लो तभी खाद्यान्न मिलेगा, उसके झांसे में आकर भोले-भाले जनता ने फिंगर लगा दी, और आज़ दिनांक तक उन्हें राशन नहीं मिला है, रामेश्वरी मरावी, ने अप्राप्त चावल सहित शेष खाद्यान्न को अतिशीघ्र वितरण करने की मांग की है, ग्राम के युवा शिक्षीत शिव कुमारउदय, ने इस मामले को कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया, ग्राम पंचायत जलके के युवा शिक्षीत शिव कुमार उदय, ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से उक्त पंचायत भ्रष्टाचार का गड़ बन गया था, और सरपंच, सचिव, ने मिलकर शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्यों को पलिता लगाया है सिर्फ इनके मनमानी से पंचायत का पुरे पांच साल में राशि की बंदरबांट किया गया है, सुशासन तिहार ,में ग्राम की जनता अपनी समस्याओं को शिविर में आवेदन एवं शिकायत की पेटी में डालकर दर्ज कराया हैं, उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत में हुये गड़बड़ झालें की जांच के लिए लिखित में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा! सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र राज,नेकहा सभी मामलों कीजांच करायेंगे ग्राम पंचायत जलके के नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती फुलेश्वरी राज, के पति नरेंद्र राज, ने कहा कि पंचायत में किए गए भर्रा साही एवं अनैतिक कार्यों का जांच की मांग कर दोषियों के ऊपर कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर जनदर्शन में जनता जाएगी !

### निकायों में संविदा नियुक्ति न करने व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन करेगा महासंघ

कोरबा । प्रदेश के नगर निगमो, निकायों में संविदा नियुक्ति न करने व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर कर्मचारी महासंघ आंदोलन करेगा। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ सम्बध्द भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में निकायो में संविदा नियुक्ति पर प्रतिबंध लगाने, शेष बचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो का नियमितिकरण करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगो व समस्याओ पर विचार कर आंदोलन का निर्णय लिया गया। महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे एवं प्रदेश मंत्री अरूण मिश्रा ने संयुक्त रूप से जारी बयान में बताया कि स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पंचवटी गेस्ट हाऊस में आहुत की गई थी। बैठक में भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ तथा प्रदेश महासंघ का त्र्यवार्षिक अधिवेशन दुर्ग में जून माह में आयोजित किये जाने का संकल्प पारित किया गया। इसी प्रकार प्रदेश के निकायों में व्याप्त कर्मचारियों की समस्याओ पर चर्चा कर निकायो में शेष बचे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किये जाने एवं वर्ष 2008 में नियमित किये गये कर्मचारियों के दैनिक वेतनभोगी की सेवा काल को जोड कर पेंशन काल की गणना किये जाने, ठेका प्रथा समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारी को नियमित किये जाने तथा निकायो में संविदा नियुक्ति प्रतिबंधित किये जाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया गया है. बैठक में संगठन विस्तार तथा सदस्यता पर भी गंभीर चर्चा की गई। उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश तिवारी, शरद दुबे, अरूण मिश्रा, विष्णु चन्द्राकर, रामवृक्ष यादव, दुर्गेश गुप्ता, रामावतार साहू, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शशिकान्त यादव, ईश्वर वर्मा, कृष्णा देशमुख, शांति सोनी, रामकृष्ण सोनी, सहित भिलाई, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रिसाली, भिलाई-3 चरोदा, तथा अन्य निकायो के कर्मचारी संघ के पदाधिकारी शामिल रहें।

## पत्नी की हत्याकर फरार आरोपी लोरमी के होटल में नाश्ता करते पकड़ाया

**कोरबा।** पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद अपने 2 साल के बेटे को साथ लेकर फरार हुए आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी लोरमी में एक होटल से नाश्ता करने के दौरान की गई। गिरफ्तार कर आरोपी को कोरबा कोतवाली लाया गया है। उसके साथ मौजूद पुत्र सही सलामत है। इधर,मृतका दुर्गा का शव पोस्टमार्टम के बाद वैधानिक कार्रवाई बाद परिजन के सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि शहर के दर्री रोड रामसागरपारा में प्रीति एंपोरियम दुकान के बगल से गुजरी गली में स्थित एक मकान में 13 अप्रैल रविवार को दुर्गा राजपूत की हत्या उसके पति राजकुमार ने कर दी थी। घटना कारित करने के बाद 6 माह की बेटी को छोड़कर अपने साथ 2 साल के बेटे को लेकर दरवाजे पर ताला लगाकर फरार हो गया था। एक दिन पहले ही उसने पत्नी दुर्गा का जन्म दिन मनाया था और दूसरे दिन घरेलू कलह में हंसता-खेलता परिवार बर्बाद हो गया। दो मासूमों के सिर से माँ का साया छिन गया, वहीं अब पिता जेल जाएगा। नानी के कंधों पर दोनों मासूमों के परवरिस का भार आन पड़ा है।



## राजपूत महासभा का चुनाव संपन्न,बजरंग बनें अध्यक्ष

कोरबा। राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 का त्रि वर्षीय निर्वाचन दिनांक 13.4.25 को भिलाई /दुर्ग में संपन्न हुआ जिसमें बजरंग पैनल और होरी पैनल के बीच सामाजिक सद्भाव पूर्ण माहौल में निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। समाज के अधिकृत मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया । इस निर्वाचन में बजरंग पैनल से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बजरंग सिंह बैस की जीत हुई ।जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष पंकज भुवाल कोषाध्यक्ष नीरज सिंह सहसचिव सत्येंद्र सिंह उपसचिव घनश्याम सिंहसंगठन सचिव श्री अजय सिंहप्रचार सचिव डॉ जितेंद्र सिंहयुवा अध्यक्ष अनुराग सिंहयुवा सचिव महेंद्र सिंह निर्वाचित हुए। होरी पैनल ( ताला चाबी छाप )महासचिव के लिए अशोक सिंह ,महिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह एवंमहिला सचिव श्रीमती मधुबाला सिंह की जीत हुई। इस सामाजिक निर्वाचन में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी इकाइयों से आए हुए सामाजिक मतदाताओं ने भाग लिया । सभी जीते हुए पदाधिकारियों ने समाज के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताते हुए ,कर्तव्य पालन की शपथ ली ।

### जिले में 29 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव

**कोरबा ।** जिले में युवा ब्राह्मण समाज के द्वारा 29 अप्रैल को भगवान परशुरामजी की भव्य जयंती मनाई जाएगी। जिसके अंतर्गत एक भव्य रैली कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से घंटाघर तक रैली निकाली जाएगी ।उक्त रैली में कर्मा दल, ढोल-ताशा के साथ भगवान परशुरामजी की झांकी राम दरबार सहित और भी झांकी निकाली जाएगी। हर 300 या 400 मीटर में नास्ते की व्यवस्था रखी जायेगी, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं, पुरुष और बच्चे जो इसमें शामिल रहेंरे उन्हें किसी प्रकार की कोई भी तकलीफ न हो।

### पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने शीतल शरबत मंदिर का किया शुभारंभ



**कोरबा।** पूर्व विधायक कार्यालय टी. पी. नगर कोरबा के सामने शीतल शरबत का विधिवत शुभारंभ पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया। जयसिंह अग्रवाल की ओर से शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी इसका संचालन करेगा। शीतल शरबत मंदिर का विधिवत शुभारंभ जयसिंह अग्रवाल ने राहगीरों को शरबत पीलाकर किया। जयसिंह अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शीतल शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। यह कोरबा का प्रमुख मार्ग है और अब यहां पर राहगीरों को इस गर्मी के मौसम में प्रतिदिन शीतल शरबत मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त स्थल पर प्रतिवर्ष शीतल जल व शीतल शरबत का नि:शुल्क वितरण कराया जाता है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया पिछले कई वर्षों से शीतल शरबत मंदिर का अच्छा प्रतिसाद मिला। लोगों ने इस पुनीत कार्य को नेक कार्य बताया और इस नेक कार्य की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। इस मौके पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद कहा कि जलदान ही महादान की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा अपने क्षेत्र में शीतल शरबत मंदिर का संचालन कराया जा रहा है। जो समाज के लिए एक अनुकरणीय सेवा कार्य है।

नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने बताया कि प्रतिदिन यहां भिन्न-भिन्न फ्लेवर के शरबत का वितरण कराया जाता है। जिसमें मैंगो, ऑरेंज, नींबू, चीकू, अनानास आदि फ्लेवर होते है। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने बताया कि किसी प्यासे को पानी पिलाना परोपकार और मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की गर्मी के मौसम में यह अनूठी पहल सराहनीय है। क्षत्रिय राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि शीतल शरबत मंदिर का संचालन करना अपने आप में एक पुण्य कार्य है। उक्त स्थल पर प्रतिदिन हजारों लोगों की प्यास बुझेगी और सभी पूर्व विधायक जयसिंह अग्रवाल को दिल से धन्यवाद देंगे।

## स्वास्थ्य के लिए काफी गुणकारी है महुआ का फल व फूल

### आयुष विशेषज्ञ डॉक्टर नगेंद्र ने बताया इसकी विशेषता



**कोरबा।** अगर आपको लगता है कि गर्मी के सीजन में होने वाला महुआ का फल ही उपयोगी है तो आप गलत हैं। इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि महुआ के फल के साथ-साथ उसके फूल पत्ते चल टहनी और जड़ का भी स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी महत्व है।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि महुआ को लेकर लोग यही समझते हैं कि देसी शराब बनाने के काम में इसका उपयोग होता है लेकिन लोगों को यह नहीं मालूम कि स्वास्थ्य के मामले में महुआ काफी उपयोगी है। महुआ के फल से लेकर उसके फूल भी काम के हैं पत्तेभी और छाल भी। आयुर्वेद चिकित्सा नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि इसमें कई प्रकार के विटामिन एस मौजूद है जो जन स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। छत्तीसगढ़ का औद्योगिक जिला कोरबा वन संपदा से भी भरा हुआ है जहां पर बहुत बड़े क्षेत्र में जंगल है और उनसे कई प्रकार की उपज प्राप्त होती है। लोगों को इसे रोजगार मिला हुआ है और उनकी जरूरत पूरी हो रही है। आपको यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि बहुत वर्ष पहले जब अभी के जैसे अनाज उपलब्ध नहीं होते थे तो ग्रामीण आबादी अपनी भूख को शांत करने के लिए महुआ फल और दूसरी चीजों का उपयोग किया करती थी। एक ग्रामीण ने बातचीत में इसका खुलासा किया साफ है कि महुआ किस लिए महत्वपूर्ण है और इसका किन-किन चीजों में उपयोग है। अगर आपको लगता है कि यह सब महत्वपूर्ण है तो ऐसे पेड़ों की सुरक्षा के साथ इनकी उपयोगिता पर ध्यान दिया जाए और दूसरों को भी जागरूक किया जाए। क्योंकि जब बहुत सारे लोग जागरूक होंगे तो कुल मिलाकर सही मायने में समाज की बहुत बड़ी सेवा हो सकती है और यह आज की आवश्यकता भी है।

## जांजगीर में शाहनाज अख्तर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी आज

**जांजगीर नैला ।** इशिका लाइफ फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान जांजगीर महोत्सव का आयोजन 15 अप्रैल को हाईस्कूल मैदान जांजगीर में शाम 6 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला और लोक मनोरंजन को समर्पित पहल है। कार्यक्रम की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। इस दौरान लोगों की मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड मेले का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मशहूर आर्टिस्ट शाहनाज अख्तर की सुरीली आवाज का जादू रहेगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ी संगीत जगत के सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इनमें लोकप्रिय गायक नितिन दुबे और छत्तीसगढ़ी संस्ति की प्रतिनिधि कलाकार अनिति ठाकुर की प्रस्तुति विशेष रूप से दर्शकों को लुभाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया व यूट्यूब पर प्रसिद्ध कलाकारों की मौजूदगी इस शाम को और भी मनोरंजक बना देगी। जांजगीर शहर में गीत, संगीत और सुरीली आवाज का जादू चलाने आ रहीं शाहनाज अख्तर छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान एवं जांजगीर महोत्सव का आयोजन कार्यक्रम के संचालन का दायित्व गोपाल शर्मा निभा रहे हैं जो इसे और भी आकर्षक और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डिजनीलैंड मनोरंजन मेला एवं भारत शपिंग फेस्टिवल क्राफ्ट बाजार का शुभारंभ होगा, जहां हस्तशिल्प उत्पाद और बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए गए हैं।

# खत्म नहीं हो रहा जिला अस्पताल विवाद प्रदेश स्तर पर आंदोलन की बन रही रणनीति

### जांच कमेटी बनाने के 40 दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर सका प्रशासन

**जांजगीर-चांपा।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ के बीच चल रहा विवाद कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास बात यह है कि डॉक्टरों व स्टाफ की शिकायत पर जिला प्रशासन ने कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे, लेकिन मामले को 40 दिन बीत गए और कार्रवाई आज तक नजर नहीं आई।

ऐसे में बीते दिनों ओपीडी बहिष्कार व जिला स्तर पर अस्पतालों में कामकाज ठप करने के बाद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे है। बताया जाता है कि इसको लेकर संभाग मुख्यालय बिलासपुर में प्रतिनिधि मंडल की बैठक रखी गई है, जहां प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

गौरतलब है कि ठाकुर छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ डॉक्टरों व नर्स के साथ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने सिविल सर्जन पर प्रताड़ना व कर्मचारियों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर बीते 5 मार्च को डॉक्टर व स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारी नारेबाजी करते हुए पैदल ही कलेक्टोरेट पहुंचे थे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

इधर इस मामले में जिला प्रशासन ने अपर कलेक्टर के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन मामले में समुचित कार्रवाई आज तक नहीं हो सकी। इधर तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। इसके तहत ओपीडी बहिष्कार व सामूहिक अवकाश लेकर जिला अस्पताल में कामकाज ठप करने के बाद पूरे जिले के अस्पतालों में एक दिन कामकाज ठप किया गया। बावजूद इसके इस दिशा में उचित पहल नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई है। बताया जाता है कि मंगलवार 15 अप्रैल को जिला अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ का एक प्रतिनिधि मंडल संभाग मुख्यालय बिलासपुर जाएगा, जहां संगठन के पदाधिकारियों से बैठक करके प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिला बनने के ढ़ाई दशक बाद यह शायद पहला अवसर है जब डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रभारी अधिकारी के साथ तालमेल नहीं बैठ रहा है और जिले के सबसे बड़े अस्पताल में बीते 40 दिनों से निर्मित विवाद की स्थिति आज तक खत्म नहीं हो सकी है। वहीं जिला से निकलकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बन रही है।

**ओपीडी का कर चुके हैं बहिष्कार**

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन को हटाने की मांग को लेकर डॉक्टर व स्टाफ ने मोर्चा खोल दिया है। इसको लेकर के डॉक्टर ओपीडी का भी बहिष्कार कर चुके है। हाल ही के कुछ दिनों पूर्व जांजगीर-चांपा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र के साथ जिला अस्पताल में पदस्थ करीब 7 सी से अधिक स्टाफ ने सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन पर रहे। उनके आंदोलन से जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए मरीज मटकते रहे। वहीं इसके चलते एक्सरे, सोनोग्राफी, पैथोलैब सहित अन्य व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। मंगलवार 15 अप्रैल को जिले के डॉक्टर बिलासपुर बैठक में शामिल होकर आगे की रणनीति तय करेंगे।

## अखंड राम नाम सप्ताह के अवसर पर धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**बाराद्वार।** श्रीराम मंदिर परिसर में अखंड राम नाम सप्ताह के अवसर पर सोमवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल मातृ शक्ति ने भगवान राम के जयकारे के बीच नगर की परिक्रमा कर वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना रहा। मंगलवार 15 अप्रैल से 22 अप्रैल तक - अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पूर्व सोमवार शाम 5 बजे दुर्गा मंदिर से विशाल कलश यात्रा आरंभ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति की - शामिल हुई। यात्रा मोदी चौक, नेहरू चौक, नेशनल हाइवे होकर जनपद - स्कूल, अग्रसेन मार्ग होते हुए राम मंदिर पहुंची। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की गई। - मंगलवार सुबह अखंड रामनाम जाप आरंभ होगा, जिसमें हमेशा की तरह बढ़-चढ़कर नगरवासी हिस्सा लेंगे।

आयोजन को भव्यता एवं अनवरत रामनाम जाप के लिए पड़ोस के राज्य ओडिशा से भजन मंडली आई हुई है। पूरा नगर भक्ति में डूबा हुआ है। महिलाओं के साथ बच्चे-बूढे और युवाओं की टोली पूरी सक्रियता से जीवन संवारने के इस रामनाम महायज्ञ में जुटी हुई है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने बताया कि बाराद्वार में राम नाम सप्ताह की सालों पुरानी परंपरा को जीवंत बनाए रखने में नगरवासी सहज भाव से आगे आकर जिम्मेदारी निभाते हैं।

## कांग्रेसियों ने किया बाबा भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने बाबा साहब को राष्ट्रनायक बताते हुए कहा कि मजदूरों महिलाओं और समाज के वंचित व कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नके द्वारा बनाये गये संविधान और देश में व्याप्त लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश ने जा रही है। बाबा साहब द्वारा बताये गये रास्ते राज भी युवाओं के लिए किसी रोशनी के चिराग कम नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अन्याय, समानता, छुआछूत, शोषण और ऊंच-नीच खिलाफ जीवन पर्यन्त जिन्होंने संघर्ष किया तथा सबके लिए सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद करने वाले ऐसे देश के संविधान के शिल्पकार थे बाबा साहब।

कार्यक्रम संयोजक रमेश पैगवार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर प्रजातांत्रिक संसदीय प्रणाली के समर्थक थे, उनकी मान्यता थी कि



आर्थिक विकास व पूंजी अर्जन के लिए गौतम बुद्ध द्वारा प्रतिपादित नैतिक और मानवीय मूल्यों पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को देश की विचारधारा में जोड़ने का बेजोड़ कार्य किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर देश के संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। संचालन हृषिकेश उपाध्याय व आभार प्रर्दशन पूर्व नपाप अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से इंका नेता दिनेश शर्मा, डॉ. परस शर्मा, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, उपाध्यक्षद्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, महामंत्रीगण शिशिर द्विवेदी,अजीत सिंह राणा, आभाष बोस, शत्रुहनदास महंत, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश तिवारी, पार्षदगण विष्णु यादव, श्रीमती रक्षा सिंह, रेखा सोनवान, अरमान खान, देवराज सिंह चंदेल, रफीक खान, सुखराम गढ़ेवाल, संजय केदार अग्रवाल, परमेश्वर निर्मले, अनिल राठौर, मुस्कान परवीन, शशिकांता हंसेलिया, दिनेश महंत, संतोष बबई, अनिल चैरसिया, धीरज सिंह बैस, सत्ता राठौर, सौरभ सिंह, राजा सिद्दिकी, गुड्डु पठान, नरसिम्हा यादव, कुलदीप सिंह, दुष्यंत यादव, विजय सूर्यवंशी, विजय गढ़वाल, अतिक कुरैशी, प्रदीप यादव, खलील खान, महेश पटेल, जितेन्द्र दिनकर, हर्ष शुक्ला, ज्ञान प्रकाश गढ़वाल, दीपेन्द्र कहरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रकाश इण्डस्ट्रीज ब्लास्ट मामले में लापरवाही उजागर

### कारखाना प्रबंधक समेत दो के विरुद्ध एफआईआर

**चांपा।** नगर के प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के फर्नेश ब्लास्ट मामले में लापरवाही उजागर होने पर स्थानीय पुलिस ने प्रबंधन के दो अधिकारियों सहित अन्य के विरुद्ध जुर्म दर्ज किया है। हादसे में प्लांट के कुल 13 मजदूर झुलए गए थे। इनमें से चार को बेहतर उपचार के लिए डीआडीओ हैदराबाद एयर एम्बुलेंस भेजा गया है। शनिवार 12 अप्रैल को प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन ओल्ड फर्नेश में हुए ब्लास्ट में लावा गिरने से कुल 13 मजदूर झुलस गए थे। शाम 4 बजे हुए हादसे में झुलसे सभी मजदूरों को उपचार के लिए नारायणा हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया था। इनमें से चार की हालत गंभीर होने से उन्हें बेहतर उपचार के लिए हैदराबाद भेजा गया है। मामले में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा की गई जांच में प्रबंधन की लापरवाही उजागर होने पर विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल द्वारा पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस ने कारखाना प्रबंधक उदय सिंह अधिभोगी संजय जैन सहित अन्य दो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 289 एवं (3) 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। टीआई जे.पी. गुप्ता ने कहा कि मामले में जिसकी लापरवाही उजागर होगी उसके खिलाफ जुर्म दर्ज होगा।

*****तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में सरपंच व पंचों ने मिलकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सरपंच हेमा भूपेंद्र साहू साहू व पंचों ने विभिन्न चौक-चौराहों की सफाई की।

## आत्महत्या को प्रेरित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आईजी से गुहार

### पुलिस कर्मी सहित कई की भूमिका पर आरोप

**अकलतरा ।** आत्महत्या के लिए प्रेरित करने एएसआई, आरक्षक और महिला पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर आईजी से परिजनों ने गुहार लगाई है। इसके पहले एसपी द्वारा जांच टीम गठित की गई है। लेकिन जांच होने के बाद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। नगर वार्ड नंबर 14 का रहने वाला बल्लु यादव पिता चमार यादव 8 जनवरी को अपने घर के कोठे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मृतक के भाई रमेश यादव ने बताया कि उसके छोटे भाई बल्ल यादव गाय भैंस चराने का काम करता था। पड़ोस में रहने वाली नीतु पति धन्नाराम ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाकर उससे अवैध संबंध रखी थी। इसके पूर्व वह जमीन विवाद के कारण भी मृतक बल्लु यादव पर छेड़छाड़ का आरोप लगा चुकी थी। जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा थी। इसके बाद फिर छेड़छाड़ का आरोप लगाई। जिस पर पुलिस द्वारा बल्लू यादव पर दबाव %बनाया जा रहा था। साथ ही पैसे की मांग की गई। इसके अलावा बल्लू के घर पहुंचकर एएसआई व आरक्षक पैसे की मांग करने लगे। साथ ही उसके साथ घर में शराब भी पिए। इसके कुछ देर बाद बल्लू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शिकायत पर एसपी द्वारा जांच टीम गठित की गई। चार माह बाद भी रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मृतक के बड़े रमेश यादव ने बताया उनके द्वारा एसपी कार्यालय में कई कार्रवाई की मांग की गई। लेकिन अपने पुलिस कर्मचारी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके परेशान होकर रमेश यादव ने आईजी से

**आत्मदाह के लिए राष्ट्रपति से मांगेंगे अनुमति**

रमेश यादव ने बताया कि 4 माह लगातार घुमाया जा रहा है। जांच बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं जा रही है। पुलिस से कोई उम्मीव नहीं है। मुख्यमंत्री जनदर्शन में जाकर अपने मृतक भाई के मौत दोषियों के खिलाफ अंतिम न्याय गुहार लगाएंगे। यहां भी न्याय नह मिलने की स्थिति में परिवार के स सामूहिक आत्मदाह करने के लिए राष्ट्रपति से मांग करेंगे।

## आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाला हुआ गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** एसपी के निर्देशन में जिले में जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार



कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा आईपीएल में सट्टा खेलाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमे मुखबिर की सूचना पर आरोपी अजय यादव निवासी बजरंगी पारा जांजगीर को आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खेलाते पाया गया। उसके कब्जे से नगदी 10500 रुपए एवं एक मोबाइल बरामद किया गया।

## ज्ञानोदय विद्यालय में समर कैंप आयोजित

**जांजगीर नैला।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 15 दिवसीय समर कैंप आयोजित किया जाएगा। नर्सरी से कक्षा - बारहवीं आयु समूह के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित इस समर कैंप में योगा, कराते, डांस,आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रॉइंग और पेंटिंग सहित स्पोकन इंग्लिश एवं ब्रेनअप अबेकस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 8.00 से 10.00 बजे तक आयोजित होगा। समर कैंप के बहु आयामी महत्व तथा अधिक से अधिक लोगों के लाभ को ध्यान में रखकर इसे ज्ञानोदय विद्यालय तक सीमित नहीं रखा गया है अपितु जिला स्तर के अन्य विद्यालय के छात्र - छात्राओं को भी नि ःशुल्क अवसर प्रदान किया गया है।समर कैंप में जांजगीर -चांपा जिला स्थित अन्य विद्यालय के छात्र - छात्रा भी भाग ले सकते है। समर कैंप पूर्णतया नि ःशुल्क है। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण - पत्र एवं पुरस्कार भी आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। समर कैंप का निःशुल्क पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक छात्र -छात्राएं क्यू -आर कोड स्कैन कर ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं या अकलतरा रोड़ जांजगीर स्थित ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन कर सकते हैं। समर कैंप आयोजन समिति के संयोजक मूलचंद साव तथा उप संयोजक श्रीमती चंचला मिश्रा के निर्देशन में कुशल प्रशिक्षक वरुण पाण्डेय, पुष्पेंद्र राजनाथ, दीपक तिवारी, प्रिया कोसरे ,प्रतिभा यादव, विजेयता चौहान के निर्देशन में विभिन्न विद्याओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी आयोजन समिति के समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव द्वारा दिया गया है तथा छात्र - छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर समर कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## सरकारी कुएं को पाटकर खोली दुकान, हुई शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** केरा रोड के द्वर्गा मंदिर के पास एक ऊपर दुकान खोल दिया गया है। जिसे लेकर मोहल्ले में पानी की किल्लत हो रही है। इसे हटाने की मांग को लेकर मोहल्ले के लोगों ने सुशासन तिहार में 11 अप्रैल 2025 को सीएमओ जांजगीर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौपने वालों में वार्ड के शिवचमन सिंह ठाकुर का कहना है कि यहां बहुत पुराना कुआं था। जिसमें आसपास के मोहल्ले के लोग निस्तारी के लिए पानी का इस्तेमाल करते थे। जिसे सोनू कबाड़ी नाम के व्यक्ति द्वारा कुएं को पाटकर होटल खोल दिया गया है। इसके चलते मोहल्ले के लोगों को पानी की किल्लत शुरू हो चुकी है। मोहल्ले के लोगों ने मांग की है कि उक्त कुएं से होटल को हटाकर निस्तारी कुएं को आम लोगों के लिए खोला जाए। ताकि लोगों को पीने के पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना न पड़े। अब पड़ोस के लोगों ने शासन को चुनौती दी है कि यदि जल्द उक्त कुएं को होटल व्यवसायी से मुक्त नहीं कराया गया तो कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

उक्त भूमि में पहले सोनू कबाड़ी द्वारा कबाड़ की दुकान संचालित की जाती थी। कबाड़ के सामान को कुएं में ही डाल दिया जाता था। पुलिस ने कई बार छापेमारी कर कुएं से कबाड़ के सामान को जब्त किया था। मामले की शिकायत कई बार एसपी, कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ सहित कई अफसरों से की जा चुकी है। बावजूद यहां से अतिक्रमण हटाने शासन ने रुचि नहीं दिखाई। जिसका खामियाजा आसपास के लोग भुगत रहे हैं।

जिसने कुएं को पाटकर दुकान का निर्माण किया है उसे नोटिस जारी किया गया है। वह बहुत जल्द दुकान को नहीं हटाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रहलाद पांडेय, सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

## हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं पर जताया पूर्ण संतोष

**सक्ती ।** कोलकाता हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाई गई नामांकन और नागरिकता सत्यापन की प्रक्रियाओं पर पूर्ण संतोष



व्यक्त किया है। इस मामले में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए पूर्ण नागरिकता सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए और यह कार्य चुनाव आयोग द्वारा उचित रूप से नहीं किया गया है। साथ ही यह चिंता भी जताई गई कि कुछ विदेशी नागरिक अवैध रूप से भारतीय नागरिकता प्राप्त कर चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। विशेषकर आगामी 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में। इस पर मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगननम ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग तब कार्य करता है जब चुनाव अधिसूचित हो जाता है और उम्मीदवार नामांकन दाखिल करता है। आयोग द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं में पहले से ही पर्याप्त जांच और संतुलन हैं। यदि कोई शिकायत पूर्ण रूप में प्राप्त होती है तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाती है। कोई भी नागरिक किसी उम्मीदवार के नामांकन की वैधता को लेकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि नए प्रकार की प्रक्रिया लागू करना एक विधायी कार्य है, जिसे न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र (अनुच्छेद 226) के अंतर्गत नहीं कर सकता। चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं को वैध करार दिया।

## भाजपा नगर मंडल ने संविधान निर्माता डॉ.अंबेडकर को किया याद

**जांजगीर नैला।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर सोमवार 14 अप्रैल को उनके कचहरी चौक स्थित स्मारक में भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला के द्वारा सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि के पश्चात सभी को मिष्ठान वितरण किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यरूप से छग विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद कमला पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन लाल यादव जी, इंजी.रवि पाण्डेय जी, नंदिनी राजवाड़े, नगर मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, प्रेमलता कौशिक, मनीषा गोपाल, दुलौरिन चौरसिया, उर्मिला निर्मलकर, संजीता माली, प्रतिमा डहारे, रिया यादव, सुधीर अग्रवाल, मोती लाल डहरिया, रमाकांत राजवाड़े, विवेक सिंह, विवेका गोपाल, कैलाश बसाईवाल, जितेन्द्र देवांगन, अभिमन्यु राठौर, देव कुमार गढ़वाल, देवानंद गढ़वाल, अजित गढ़वाल, अमित यादव, दिनेश राठौर, रघुनंदन कश्यप, गुड्डु कहरा, सुनील कश्यप, पंकज कहरा, नंदलाल यादव, पुष्पेंद्र निर्मलकर, राकेश रूपवानी, शिवचमन सिंह, शाहिद खान, रमेश सोनवानी, रितेश राठौर, हरदेव टंडन, अमर सिंह गोंड, हरि सोनवानी, पिंकल माली, गोलू दुबे, सोनू यादव, शैल राठौर, प्रदीप राठौर, सुशील सिंह, सतीश शर्मा, प्रेम थवाईत, छबि कश्यप, कार्तिक सूर्यवंशी, छत्रपाल विजय, अजय कौशिक, रवि पाण्डेय, सरोज साहू, नारायण सूर्यवंशी, राकेश गढ़वाल, चुन्नी लाल राठौर, उमेश चौहान, मयंक परमहंस, शिवम गोपाल, राजेंद्र साहू, रोहित कुलदीप, कमल राठौर, सहित बड़ी संख्या में नगर मंडल जांजगीर नैला के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सक्ती के 16 गांव की जमीन की खरीदी व बिक्री पर रोक

**जांजगीर।** खरसिया से जिले होते हुए नया रायपुर-परमालकसा तक रेल परियोजना बनाई गई है। इस परियोजना के तहत नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। यह रेल लाइन सक्ती के जैजैपुर और भोथिया तहसील क्षेत्र के 16 गांवों से होकर गुजरेगी। इसके चलते प्रभावित गांवों की जमीनों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

पहले रेलवे ने प्रभावित गांवों में जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने को कहा था। गांवों में भूमि की अवैध और अनधिकृत खरीद-बिक्री की संभावना बढ़ने की आशंका रहती है। प्रस्तावित रेलवे लाइन की जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग और दलाल बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी जांच के जमीन के लेनदेन में शामिल हो जाते हैं। इससे न केवल समस्याएं आती हैं, इसलिए रेलवे लाइन में आने वाली जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। केंद्र सरकार ने नई रेल लाइन




की सौगात दी है। लंबे समय से प्रस्तावित खरसिया से नया रायपुर-परमालकसा 278 किलोमीटर तक नई डबल रेल लाइन को मंजूरी दी गई है।

इन गांवों में बिछेगी पटरी सक्ती ग्राम-डोंगिया, चिखलरौंदा, मलनी भोथिया, कंकराभाट, भोथिदिह, कलमीडीह, पाणाहरदी, गुचकुलिया, सेमराडीह, करमनडीह, झकहाडीह, नंदेली, आमगांव, कांशीगढ़, बावनबड़ी, बेलकर्री की भूमि पर खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। इन्हीं में पटरियां बिछाई जाएंगी।

## परशुराम जन्मोत्सव 30 को, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**जांजगीर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव इस वर्ष 30 अप्रैल को पूरे श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए 13 अप्रैल रविवार को भगवान श्री काशी विश्वेश्वरनाथ ब्राह्मण समाज मंगल भवन, चंदनिया पारा, जांजगीर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयोजन समिति ने पर्व से संबंधित सभी कार्यक्रमों की विस्तृत योजना प्रस्तुत की। समिति की पहली बैठक 6 अप्रैल को मयंक होटल में हुई थी। इसमें आयोजन की आधारशिला रखी गई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि शोभायात्रा नैला दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर जांजगीर (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) से दोपहर 5 बजे प्रारंभ होगी। यह यात्रा कचहरी चौक और नेताजी चौक होते हुए परशुराम चौक (रेलवे स्टेशन नैला) तक पहुंचेगी। वहां भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा।



इसके पश्चात नैला मारवाड़ी धर्मशाला में सभी श्रद्धालुओं के लिए रात्रि भोज (प्रसाद) की व्यवस्था की गई है, जिसमें लगभग 2000 लोगों के शामिल होने की संभावना है। शोभायात्रा में विप्र समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होंगे। पुरुषों से पीले या भगवा रंग के कुर्ते और महिलाओं से पीली या लाल साड़ी पहनने का आग्रह किया गया है। शोभायात्रा के दौरान धूमाल दल, करमा नृत्य मंडली, कीर्तन मंडली और भगवान परशुराम का सुसज्जित रथ विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।

रथ में दोनों ओर प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों से बस सुविधा की व्यवस्था की गई है नगर के आसपास के ग्रामीण इलाकों से आने वाले विप्रजनों की सुविधा के लिए बसों की व्यवस्था की गई है, जो शोभायात्रा उपरांत उन्हें उनके गंतव्य तक वापस पहुंचाएंगी। इस शोभायात्रा में ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच, जांजगीर द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार में शामिल बटुक भी पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे। समिति ने सभी विप्रजनों से अनुरोध किया है कि 30 अप्रैल को अपने-अपने घरों के बाहर दीप प्रज्वलित करें और रंगोली सजाएं, ताकि पूरे नगर में पर्व का उल्लास वातावरण में समा जाए।

## अनमोल वचन......

**लगातार प्रयत्न करने वाले लोगों की गोद में सफलता स्वय आकर बैठ जाती है।**

## आप हमारे अपने

नक्सलियों से गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आप हमारे अपने हैं। हथियार डाल कर मुख्यधारा में शामिल हों। जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम महोत्सव में समापन समारोह में शाह ने कहा कि मार्च, 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नक्सलमुक्त घोषित गांवों को एक करोड़ रुपये की विकास निधि देने तथा नक्सलियों की सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित करने की बात भी उन्होंने की। शाह के बस्तर प्रवास के दरम्यान छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने हैदराबाद में सामूहिक समर्पण किया जिनमें बीस नक्सल महिलाएं भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से 1967 में शुरू किसानों के विद्रोह को नक्सलवाद कहा गया। इसमें शामिल लोगों को नक्सलवादी या नक्सल कहा जाने लगा। इन्हें मुख्यतया वामपंथी आंदोलनों से जोड़ा जाता है जो माओवादी राजनीतिक विचारधारा का पालन करते हैं। सरकार के अनुसार देश में नक्सल प्रभावित जिले सत्रह से घट कर छह रह गए हैं। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड और ओडिशा में इनकी जड़ें फैली हुई हैं। बिहार के विभिन्न जिलों को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बावजूद अभी भी दस जिलों में इनका प्रभाव है। सरकार के प्रति नाराजगी और बुनियादी जरूरियात की मांग को लेकर ये उग्र प्रदर्शन करते रहे हैं। पिछले दिनों नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी करके सरकार से युद्धविराम की मांग की। नक्सल प्रभावित इलाकों के नौजवान अब बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में अपना वक्त लगाना बेहतर मान रहे हैं। जान बचाने के लिए घने जंगलों में भटकने या सुरक्षा बलों का निशाना बनने को वे राजी नहीं हो रहे। गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेकर हथियारबंद लड़ाकों को लगातार रिहाइशी इलाकों की तरफ जाने से रोका जा रहा है। दशकों से चले आ रहे इस सशस्त्र वामपंथी आंदोलन को नेस्तनाबूद करने को दृढ़संकल्पित केंद्र सरकार सफल होती दिख रही है। हालांकि ग्रामीण और बीहड़ इलाकों तक विकास, सड़कें, विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही रोजगार के साधनों की ठोस व्यवस्था ही नौजवानों को मतिभ्रम से दूर रख सकती है। मात्र ओजस्वी भाषणों के भरोसे उनके आवेग/गुस्से को रोका जाना मुश्किल है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग हैं। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर पड़ेगा। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार से चल रही गलतफहमी दूर होगी।

**वृष राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगा। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीकों में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा। आज आप किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीकों में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाते जाएंगे। सामाजिक कामों में आपकी मौजूदगी से तारीफ मिलेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें, आपको विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा।

**तुला राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी या बिजनेस में महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बिताएंगे। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा।

**धनु राशि :** आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे।

**मकर राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं। आपकी जिद्द से पारिवारिक समस्या बढ़ेगी। छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्म सम्मान को कम न होने दें। असमंजस में विश्वसनीय लोगों से सलाह-मशवरा करें।

**मीन राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा में अच्छे नतीजे मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

# कांग्रेस को 10 में से 10 नंबर दिए जा सकते हैं

//अजीत द्विवे//

**अगर कोशिशों के लिए नंबर देना हो तो कांग्रेस को 10 में से 10 नंबर दिए जा सकते हैं। कुछ समय पहले तक वह कोशिश भी नहीं कर रही थी। लेकिन अब पार्टी संगठन को बदलने और उसमें जोश भरने की गंभीर कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेतृत्व के बारे में धारणा बदलने की कोशिश हो रही है। पार्टी को नए समय की चुनौतियों और राजनीतिक मुद्दों के मुताबिक ढालने की कोशिश भी चल रही है। पुरानी विरासत को हासिल करने का प्रयास भी हो रहा है और सबसे ऊपर कांग्रेस का स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। कामयाबी की संभावना अभी नहीं दिख रही है लेकिन व्यक्ति के जीवन की तरह ही राजनीति में भी कई बार बहुत नजदीक की चीजें नहीं दिखाई देती हैं। इसलिए कांग्रेस की कोशिशों का क्या हासिल होगा उसके बारे में समय बताएगा।**

यह कहना बहुत आसान है कि कांग्रेस लड़ना या जीतना भूल गई है या कांग्रेस की मारक क्षमता कम हो गई या नरेंद्र मोदी से मुकाबले के लिए उसके पास कोई नेतृत्व नहीं है या कांग्रेस के अखिल भारतीय संगठन का ढांचा चरमराया हुआ है। हकीकत यह है कि इसके बावजूद कांग्रेस लड़ रही है, लगातार पराजय और विपरीत परिस्थितियों के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व मैदान में टिका है और सब कुछ ठीक करने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस व राहुल की असफलताओं पर विचार करने से पहले यह ध्यान रखना चाहिए कि उसका प्रतिद्वंद्वी कितना शक्तिशाली है और और वह क्या क्या कर सकता है!

सो, गुजरात के अहमदाबाद में मंगलवार, आठ अप्रैल से होने जा रहे दो दिन के कांग्रेस अधिवेशन के बहाने कांग्रेस की कोशिशों पर चर्चा करने की जरुरत है। कांग्रेस सबसे पहले तो अपनी विरासत को हासिल करने का प्रयास कर रही है। असल में 2014 में कांग्रेस जितनी बुरी तरह से हारी वह उसके लिए बहुत बड़ा झटका था। हारना कांग्रेस के लिए कोई नई बात नहीं थी लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि पार्टी 44 सीट पर सिमट जाएगी। इतनी बुरी तरह से हारने की वजह से उसको संभलने में इतना समय लगा है। इस अवधि में वह पूरी तरह से सदमे में रही। कोई नया आइडिया तो पार्टी के पास नहीं ही था वह पुरानी विरासत भी भूल गई और भाजपा ने इसका फायदा उठाया। उसने कांग्रेस के महापुरुषों को अपना बना कर कांग्रेस की साख बिगाड़ी।प्रधानमंत्री के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़ रहे नरेंद्र मोदी ने मदन मोहन मालवीय के परिजनों को अपना प्रस्तावक बनाया। उसने पंडित मदन मोहन मालवीय से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लालबहादुर शास्त्री और यहां तक कि महात्मा गांधी को भी अपना बताना और बनाना शुरू कर दिया। वास्तविकता यह है कि इनमें से लगभग सभी लोग भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन और आरएसएस दोनों के विचारों के घनघोर विरोधी रहे हैं। अब जाकर कांग्रेस संभली है तो उसने अपनी विरासत हासिल करने का प्रयास शुरू किया है।कांग्रेस अपने दो दिन के अधिवेशन के पहले दिन आठ अप्रैल को अहमदाबाद के शाहीबाग में स्थित सरदार पटेल मेमोरियल में कार्य समिति की बैठक करेगी। दूसरे दिन नौ अप्रैल को साबरमती के किनारे कांग्रेस अधिवेशन का मुख्य कार्यक्रम होगा। कांग्रेस 61 साल के बाद गुजरात में अधिवेशन कर रही है और यह संयोग नहीं है कि इस साल सरदार पटेल की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई जा रही है। सरदार की डेढ़ सौवीं जयंती पर कांग्रेस ने गुजरात में अधिवेशन का फैसला किया तो इसका कहीं न कहीं यह अर्थ है कि वह सरदार पटेल की विरासत को वापस हासिल करना चाहती है। कांग्रेस के बाद के नेताओं ने खास कर माधव सिंह सोलंकी ने कांग्रेस को खाम (केएचएएम) यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी, मुस्लिम की राजनीति में समेटा था। इसका कुछ लाभ तो पार्टी को मिला लेकिन उसके बाद जब हार का सिलसिला शुरू हुआ तो यह समीकरण काम नहीं आया। अब कांग्रेस इस समीकरण से बाहर निकल कर आजादी के बाद के सबको साथ लेकर चलने के समीकरण पर काम कर रही है। विरासत वापस हासिल करने की कोशिश कांग्रेस ने पिछले साल दिसंबर के अंत में बेलगावी अधिवेशन से शुरू की। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी पूरी होने पर बेलगावी में कांग्रेस ने अधिवेशन किया। गौरतलब है कि महात्मा गांधी 1924 में बेलगावी में ही कांग्रेस अध्यक्ष बने थे और सिर्फ एक साल ही अध्यक्ष रहे थे। उस ऐतिहासिक घटना को कांग्रेस ने बड़े ऐहतराम के साथ याद किया।

गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू होने के बाद कांग्रेस स्वतंत्र राजनीति का रास्ता भूलती गई है। जहां वह सत्ता से बाहर हुई वहां उसके नेताओं ने किसी प्रादेशिक पार्टी का कंधा पकड़ लिया और उस पर सवार हो गई। इसमें कांग्रेस नेतृत्व की भी भूमिका रही है लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस की जमीन लगातार सिमटती गई। पहले जो एक राज्य की परिघटना थी वह अब कई राज्यों की हो गई है। कांग्रेस 1967 में तमिलनाडु की सत्ता से बाहर हुई तो पिछले 58 साल से उसका मुख्यमंत्री नहीं बना। पश्चिम बंगाल में 47 साल से कांग्रेस का मुख्यमंत्री नहीं बना। हिंदी हर्टलैंड यानी उत्तर प्रदेश और बिहार में 34 साल से कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है। गुजरात में 30 साल से कांग्रेस का मुख्यमंत्री नहीं बना है। बिहार से अलग होकर बने झारखंड में तो 25 साल के इतिहास में कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री ही नहीं बन पाया।

जिस तरह कांग्रेस तमिलनाडु में डीएमके और अन्ना डीएमके पर आश्रित होती गई उसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में अलग अलग सहयोगियों पर निर्भर हो गई। हाल की दिनों तक कांग्रेस जहां सत्ता में थी वहां से भी सत्ता से बाहर हुई है तो वापसी की संभावना लगातार क्षीण होती जा रही है। महाराष्ट्र में लगातार तीसरी बार भाजपा और उसका गठबंधन जीता है तो हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार जीती है। उत्तराखंड और केरल में भी पांच साल में सत्ता बदलने का इतिहास नहीं दोहराया गया और कांग्रेस लगातार दूसरी बार सत्ता से बाहर रही। दिल्ली और असम में कांग्रेस क्रमशः 2013 और 2016 में सत्ता से बाहर हुई तो वापसी की संभावना नहीं दिख रही है। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस लगातार तीन चुनावों से शून्य पर है। उसका कोई सांसद या विधायक नहीं जीत रहा है।

कांग्रेस इस स्थिति को बदलने के प्रयास कर रही है। ऐसा दिख रहा है कि वह स्वतंत्र राजनीति के रास्ते पर चल रही है। हालांकि यह प्रयास भी इतना ढीला ढाला है कि इससे भी कुछ हासिल की संभावना कम से कम अभी नहीं दिख रही है। दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस ने जोखिम लेकर अकेले चुनाव लड़ा। लगातार तीसरे चुनाव में भी उसका खाता नहीं खुला लेकिन आम आदमी पार्टी के चुनाव हार जाने से कांग्रेस वापसी की संभावना बनी है। ऐसे ही बिहार में कांग्रेस ने स्वतंत्र राजनीति शुरू की है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी लेकिन अगर पार्टी हर जिले में अपना संगठन खड़ा करने में भी कामयाब हो जाती है तो आगे की राजनीति उसके लिए थोड़ी आसान होगी।

स्वतंत्र राजनीति के रास्ते पर चलने के लिए राहुल गांधी अपनी टीम बना रहे हैं। यह उनकी हिम्मत है कि 2009 में अपनी बनाई टीम के सदस्यों से धोखा खाने के बाद वे फिर से प्रयास कर रहे हैं। इस बार वे बड़े नेताओं के बेटे, बेटियों को आगे करने की बजाय दूसरी पृष्ठभूमि के लोगों को आगे कर रहे हैं। के राजू और कृष्णा अलवरू जैसे अराजनीतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को बढ़ाया जा रहा है तो कांग्रेस संगठन में दशकों से जमे नेताओं को हटा कर नए चेहरे लाए जा रहे हैं।विचार के स्तर पर कांग्रेस के पास नया कुछ भी करने को नहीं है। आजादी की लड़ाई के मूल्यों पर कांग्रेस चलती रही है। उस समय बने आइडिया ऑफ इंडिया में कांग्रेस ने राजनीति की। लेकिन उदारवादी अर्थव्यवस्था और आरक्षण की राजनीति शुरू होने के बाद भारत का आइडिया पूरी तरह से बदल गया है। कांग्रेस तब भी पिछले 35 साल से मिश्रित अर्थव्यवस्था और पारंपरिक सामाजिक समीकरण वाली राजनीति करती रही है। आर्थिक मामलों में तो मनमोहन सिंह को 10 साल प्रधानमंत्री रखने के बाद भी कांग्रेस नहीं बदली लेकिन सामाजिक विचारों को लेकर कांग्रेस में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

कांग्रेस और राहुल गांधी अब आरक्षण के नए चैंपियन के तौर पर उभरे हैं। राहुल गांधी जातिगत गणना कराने और आबादी के आधार पर प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण बढ़ाने का अभियान चला रहे हैं तो उनकी पार्टी ने अब निजी सेक्टर में भी आरक्षण की मांग शुरू कर दी है। सो, ऐसा दिख रहा है कि संगठन में बदलाव की बात हो या गठबंधन पर नीतिगत फैसले का मामला हो या राजनीतिक विचार के तौर पर आरक्षण के विचार को अपनाने का मामला हो, कांग्रेस की जड़ता टूट रही है। कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए यथास्थिति की बजाय वह डिसरप्शन यानी विघटन की राजनीति कर सकती है। क्या पता सब कुछ उलटफेर करने से उसे कुछ हासिल हो जाए!

# कांग्रेस संक्रमण के दौर से गुजर रही

//हरिशंकर व्यास//

**कांग्रेस बिना ठोस विचारों के है। संक्रमण के दौर से गुजर रही है। राहुल गांधी नए प्रयोग कर रहे हैं। कर्नाटक के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाने और जाति गणना करा कर आरक्षण बढ़ाने का गुरुमंत्र मिलने के बाद से राहुल गांधी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के नए चैंपियन के तौर पर उभरे हैं। वे पिछले करीब दो साल से जाति गणना कराने और आरक्षण बढ़ाने की रट लगाए हुए हैं।**




कांग्रेस के नेता दो दिन के अधिवेशन के लिए गुजरात में इकट्ठा हुए तो मंथन का एक बड़ा विषय यह था। लेकिन यह इकलौता मुद्दा नहीं है, जिस पर कांग्रेस संक्रमण के दौर में है या किसी वजह से संशय में है। अगड़ा बनाम पिछड़ा, दलित, आदिवासी का मुद्दा है तो नए बनाम पुराने का भी है और पूंजीवाद बनाम पूंजीपतियों के विरोध का भी है। जहां तक नए और पुराने का मामला है तो करीब 20 साल के संघर्ष के बाद राहुल गांधी इस पहेली को सुलझाते लग रहे हैं। पार्टी के अंदर पुराने नेताओं का वर्चस्व अब लगभग खत्म हो गया है। एकाध राज्यों में जरूर पुराने क्षत्रप हैं, जो अपना खूंटा थामे हए हैं लेकिन उनका खूंटा उखड़ना भी वक्त की बात है। राहुल गांधी ने सबसे 2009 की सरकार बनने के समय इस संघर्ष को खत्म करने का बड़ा दांव चला था।

लेकिन उन्होंने जिन नए नेताओं पर दांव लगाया उनमें से ज्यादातर कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में चले गए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस के अंदर नए और पुराने का विवाद काफी समय पहले सेटल हो गया होता। देर से ही सही लेकिन अब जाकर कांग्रेस की कमान पूरी तरह से राहुल के हाथ में आ गई है। वे अपने हिसाब से नेताओं को केंद्रीय और प्रदेशों के संगठन में जगह दे रहे हैं। इस बार उनके चुने हुए नेता सहीं है या गलत, मजबूत हैं या कमजोर इसका पता बाद में चलेगा। समय बताएगा कि उनका चयन कितना सही है। उसके गुणदोष में गए बगैर कह सकते हैं कि कांग्रेस में नए और पुराने का विवाद काफी हद तक सुलझ गया है और अहमदाबाद अधिवेशन में यह साफ साफ दिखा। अहमदाबाद के अधिवेशन में राहुल गांधी ने आरक्षण और पिछड़ा, दलित, आदिवासी राजनीति को कांग्रेस के केंद्रीय राजनीति के तौर पर स्थापित किया। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा कि कांग्रेस दलितों, सवर्णों और अल्पसंख्यकों की राजनीति करती रही और इस बीच पिछड़ों ने उसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों का ध्यान नहीं रखा तो पिछड़ों ने भी उसे छोड़ दिया। अब कांग्रेस को पिछड़ी जातियों को साथ लेकर चलना है। राहुल गांधी ने कांग्रेस अधिवेशन में तीन प्रस्ताव मंजूर कराए। कांग्रेस ने एक प्रस्ताव में यह तय किया कि वह आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी से बढ़ाएगी। आबादी के अनुपात में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। कांग्रेस के दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि एससी और एसटी के वर्गीकरण को कांग्रेस मंजूर कराएगी और इन वर्गों में आबादी के अनुपात में आरक्षण बाटेंगी।तीसरा प्रस्ताव निजी विश्वविद्यालयों में आरक्षण की मंजूरी का है। कांग्रेस ने यह प्रस्ताव मंजूर किया तो कई लोग यह कहने वाले आ गए कि कांग्रेस सीधे निजी सेक्टर में आरक्षण क्यों नहीं मांग रही है, जो सिर्फ निजी विश्वविद्यालयों के दाखिले में आरक्षण की मांग कर रही है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस के ये तीन प्रस्ताव उसे बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा की समाजवादी पार्टियों के समकक्ष खड़ा करती हैं।कांग्रेस की एक स्थायी दुविधा इस बात को लेकर रही है कि कारोबार, उद्यमी और पूंजीपति को लेकर क्या रुख रखा जाए। नेहरू की मिश्रित अर्थव्यवस्था से निकाल कर पीवी नरसिंह राव ने देश को उदार अर्थव्यवस्था के रास्ते पर डाला।

इससे देश की आर्थिक तस्वीर पूरी तरह से बदली और भारत गरीबी के स्थायी दुष्चक्र से निकल कर वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा बना।लेकिन कांग्रेस की दुविधा खत्म नहीं हुई। उसने उद्योग और कारोबार को बढ़ावा देकर अमीरी बढ़ाने, जीडीपी बढ़ाने और गरीबी मिटाने की बजाय अधिकार आधारित नीतियों पर ज्यादा ध्यान दिया। मनमोहन सिंह की 10 साल की सरकार ने आम लोगों को कई अधिकार दिए या अधिकार देने वाले कानून बनाए।इसी में राहुल गांधी दो कदम और आगे बढ़ गए। उन्होंने अडानी और अंबानी का विरोध शुरू किया लेकिन बाद में लगने लगा कि वे कारोबार, उद्योग का ही विरोध कर रहे हैं। इसका विरोधाभास कई बार ऐसे दिखा कि वे अंबानी, अडानी का विरोध करते रहे और राजस्थान से लेकर तेलंगाना तक उनकी सरकार के मुख्यमंत्री अडानी के साथ निवेश की संधिया करते रहे। कांग्रेस को अपनी यह दुविधा भी दूर करनी है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली के संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली के संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के हिसार हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन के शिलान्यास समारोह के दौरान। साथ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद।

# लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में भीषण आग 200 से अधिक मरीजों को किया गया रेस्क्यू




लखनऊ, 15 अप्रैल [एजेंसी]।

लोकबंधु अस्पताल के दूसरी मंजिल में रात 10 बजे अचानक आग लग गई। देखते-देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस मंजिल पर बच्चों की एनआईसीयू और महिला वार्ड है। आग के कारण पूरे अस्पताल में धुंआ भर गया था। अंदर सौ से अधिक मरीज फंसे थे। जिनको अस्पताल के डॉक्टर, कर्मचारी, तीमारदारों व दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला। दूसरी मंजिल पर ही 40 से अधिक मरीज भर्ती थे। हादसे के समय अस्पताल में कुल 200 मरीज भर्ती थे। सूचना मिलते ही दमकल की दर्जन भर गाड़ियां पहुंच गई थी। देर रात तक राहत कार्य जारी रहा। हादसे की सूचना मिलते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अस्पताल पहुंच गये। वहां राहत कार्य व मरीजों की स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दे रहे थे। वहीं मरीजों को केजीएमयू, बलरामपुर, आरएलबी और सिविल अस्पताल में भेजा गया है। लोकबंधु राजनारायण अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बने एनआईसीयू और महिला वार्ड से रात करीब 10 बजे धुआं निकलते देख, अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने जैसे ही धुआं निकलता देखा तो मरीजों को बाहर निकालना शुरू कर दिया था। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जिस समय वार्ड में आग लगी उस समय वार्ड में कुल 40 मरीज थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके साथ ही अन्य वार्डों में भी अलर्ट जारी कर सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दूसरे मंजिल पर बच्चों का एनआईसीयू वार्ड भी था। सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अस्पताल में मौजूद लोगों ने बताया कि आग दूसरी मंजिल के एनआईसीयू में लगी थी। इसके बाद देखते-देखते तीसरी और पहली मंजिल को भी अपने जद में ले लिया। हर तरफ धुआं भर गया था। कुछ दिखाई नहीं पड़ा रहा था। सिर्फ कर्मचारियों और मरीजों के चीखपुकार ही सुनाई दे रहे थे। किसी तरह मॉस्क लगाकर कर्मचारियों और तीमारदारों ने मरीजों को बाहर निकाला। इस दौरान कई मरीजों और कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। सभी आनन-फानन खुले में दूर पहुंचाया गया। भूतल पर धुआं देखा गया। अस्पताल के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ ने तुरंत मरीजों को वहां से शिफ्ट करना शुरू किया।

करीब 200 मरीजों को वहां से शिफ्ट किया गया है, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दमकल विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। कोई मरीज हताहत नहीं हुआ है। दो-तीन गंभीर मरीजों को केजीएमयू के आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया है। ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्रीआग लगते ही वार्ड से मरीजों को बाहर निकालकर परिसर व सड़क पर बेड और स्ट्रेचर पर लिटाया गया। कुछ मरीजों को तीमारदार व कर्मचारी गोद में लेकर भागे। नीचे पहुंचने के बाद डॉक्टरों व कुछ कर्मचारियों ने मरीजों की जांच शुरू की।

## पुंछ के सुरनकोट जंगल में फायरिंग, संदिग्धों की सूचना पर सेना का तलाशी अभियान जारी

**राजौरी।** पुंछ जिला के सुरनकोट में सोमवार देर शाम को कुछ संदिग्ध देखे जाने के बाद सेना ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान देर रात को जंगल के भीतर करीब 30 गोलियां चलने की आवाज आई।इस दौरान सेना के दो जवान मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं, लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सेना या पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस व सीआरपीएफ के जवान भी घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।

## यहां तीन दिन तक रहेंगे तो कोई संक्रमण हो जाएगा दिल्ली को लेकर नितिन गडकरी ने ऐसा क्यों कहा



मुंबई, 15 अप्रैल [एजेंसी]।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को दिल्ली के प्रदूषण को लेकर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का स्तर इतना अधिक है कि शहर में तीन दिन रहने से कोई संक्रमण हो सकता है। उन्होंने एक शोध का हवाला देकर दावा किया कि दिल्ली में प्रदूषण के चलते लोगों की औसतन दस वर्ष जिंदगी घट रही है। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में बताया कि प्रदूषण के कारण दिल्ली और मुंबई रेड जोन में हैं। वायु और जल प्रदूषण के संबंध में काफी काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण बहुत अधिक है। अगर आप तीन दिन तक दिल्ली में रहेंगे तो आपको कोई संक्रमण हो जाएगा। एक चिकित्सा निष्कर्ष के अनुसार, दिल्ली का प्रदूषण लोगों की औसत उम्र को दस वर्ष कम कर रहा है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी ढांचों के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संबंधित चिंताओं का समाधान भी राष्ट्रीय विकास के लिए अहम है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि भारतीय समाज के लिए नैतिकता, अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमने पर्यावरण मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया है। गड़करी ने बताया कि हम करीब 22 लाख करोड़ रुपये मूल्य के जीवाश्म ईंधन का आयात करते हैं।

## दिल्ली के जीटीबी एन्क्लेव में 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या, पुलिस कर रही पहचान

**नई दिल्ली 15 अप्रैल।** राजधानी दिल्ली के जीटीबी एन्क्लेव इलाके से एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। सोमवार देर रात को एक 20 वर्षीय अज्ञात युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को शाम के समय एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि एक लड़की को गोली मार दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को मृत अवस्था में पाया।अतिरिक्त डीसीपी (शाहदरा) नेहा यादव ने जानकारी देते हुए बताया, करीब आधे घंटे पहले हमें एक कॉल मिली थी कि एक लड़की को गोली मारी गई है। यह इलाका जीटीबी एन्क्लेव का है। शव को देखकर लग रहा है कि लड़की की उम्र लगभग 20 साल होगी। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

# भारत-चीन के बीच सीधी फ्लाइट फिर से शुरू करने की पहल, पीएम मोदी और चिनफिंग ने की थी बातचीत



**नई दिल्ली।** साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को दूर करने और इस हिंसक संघर्ष के पांच साल बाद द्विपक्षीय रिश्तों में सुधार के लिए एक बार फिर कवायद तेज हो गई है। इसी के तहत दोनों देशों ने सीधी यात्री हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए एक दौर की बातचीत की है, लेकिन अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। सीमा संघर्ष के पांच साल बाद संबंधों में सुधार के प्रयासों के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देशों ने जनवरी में व्यापार और आर्थिक मतभेदों को सुलझाने पर काम करने पर सहमति जताई थी। इस कदम से दोनों देशों के विमानन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, विशेष रूप से चीन के विमानन क्षेत्र को क्योंकि यह कोविड महामारी से उबरने में अन्य देशों के मुकाबले अभी पीछे है।नागरिक उड्डयन सचिव वी. वुअलनम ने नई दिल्ली में इंडियन चैंबर आफ कामर्स द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और चीन में हमारे समकक्ष के बीच एक दौर की बैठक हुई है। लेकिन, उन्होंने इस बाबत विस्तार से कुछ भी नहीं बताया। केवल इतना कहा कि अभी भी कुछ मुद्दों को सुलझाना बाकी है।गौरतलब है कि वर्ष 2020 में सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई थी। इस हिंसक झड़प में कम से कम 20 भारतीय सैनिक और चार चीनी सैनिक भी मारे गए थे।

इसके बाद भारत ने देश में निवेश करने वाली चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए थे, सैकड़ों लोकप्रिय ऐप पर प्रतिबंध लगा दिए थे और यात्री हवाई सेवाओं में कटौती कर दी थी, हालांकि सीधी मालवाहक उड़ानें जारी रहीं।सैन्य गतिरोध कम होने के बाद रिश्तों में नरमीअक्टूबर में सैन्य गतिरोध को कम करने के लिए एक समझौते के बाद से संबंधों में सुधार हुआ है। उसी महीने राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस में वार्ता की थी।

## बांग्लादेश के इशारों पर हुई थी मुर्शिदाबाद में हिंसा, सुवेंदु अधिकारी के दावे से मची खलबली, राष्ट्रपति शासन की उठी मांग



**कोलकाता।** भाजपा विधायक व बंगाल विधानसभा (विस) में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में 2026 का विस चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने की मांग की है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में हिंदुओं की कम से कम 100 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति क्षतिग्रस्त होने का भी दावा किया है। सुवेंदु ने हिंसा के पीछे बांग्लादेशी संगठन अंसारुल्ला बांग्ला जमात का हाथ बताते हुए आरोप लगाया कि बंगाल सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्लाह चौधरी ने हिंसा भड़काने का काम किया। सोमवार को विस भवन के गेट पर मीडिया से बातचीत में सुवेंदु ने कहा-बंगाल में जहां भी हिंदू अल्पसंख्यक हैं, उन्हें मतदान करने से रोका जाता है।पुलिस सत्तारूढ़ पार्टी के कैडर की तरह काम कर रही है। स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए अगला विस चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत होना चाहिए। केंद्रीय निर्वाचन आयोग को इसकी सिफारिश करने पर विचार करना चाहिए। सुवेंदु ने आगे कहा,सुती, धुलियान, जंगीपुर व शमशेरगंज समेत मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में जारी हिंसा ने नागरिकों की सुरक्षा और शांति बहाल करने में राज्य सरकार की अक्षमता को उजागर किया है। जब भीड़ उत्पात मचा रही थी, तब सरकार मूक दर्शक बनी रही।

जिहादी तत्वों ने संपत्ति लूटी व उन्हें क्षतिग्रस्त किया। बांग्लादेश में भी ऐसा ही हुआ था। हम मुर्शिदाबाद में अंसारुल्ला बांग्ला जमात को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनका मुकाबला करने के लिए किसी भी हद तक जाएंगे।वहीं भाजपा के राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद ईद-उल-फितर के मंच से बोलकर आई थीं कि वह बंगाल में वक्फ संशोधन विधेयक को लागू होने नहीं देंगी। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं। मां-बहनों पर अत्याचार हो रहे हैं।

क्या बंगाल में पैदा होना गुनाह है। भाजपा सांसद जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद के हालात को अशांत की कोशिश कर रही हैं। वह अब बंगाल की जगह सिर्फ मुस्लिमों की मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्हें अविलंब हटाना जरुरी है। वहीं भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ममता के शासनकाल में बंगाल गुंडों के हाथों में चला गया है और अराजकता की ओर बढ़ रहा है।

# तिब्बत में अमेरिकियों के लिए वीजा प्रतिबंध, चीन का ट्रंप को करारा जवाब



बीजिंग, 15 अप्रैल [एजेंसी]।

जैसे को तैसा का जवाब देते हुए चीन ने अमेरिकी अधिकारियों पर वीजा प्रतिबंध की घोषणा की है। तिब्बत मामलों पर गलत ढंग से काम करने वाले अमेरिकी कर्मचारियों पर यह वीजा प्रतिबंध लागू होंगे। शंघाई ने यह कदम वाशिंगटन द्वारा चीनी अधिकारियों पर वीजा सीमाएं लागू करने के दो सप्ताह बाद उठाया है।चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार को कहा कि तिब्बत से जुड़े मुद्दे पूरी तरह केवल चीन के आंतरिक मामले हैं। अमेरिका द्वारा तिब्बत के मुद्दों का बहाना बनाकर चीनी अधिकारियों पर लागू किए गए वीजा प्रतिबंध, अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को नियंत्रित करने वाले बुनियादी मानदंडों का गंभीर रूप से उल्लंघन करते हैं। उन्होंने कहा कि तिब्बत खुला है और चीन यहां पर मैत्री विदेशी व्यक्तियों के आने, घूमने और व्यापार करने का स्वागत करता है। इसके साथ ही, कथितरूप से मानवाधिकारों, धर्म या संस्कृति की आड़ में तिब्बत से जुड़े मामलों में किसी व्यक्ति या देश की दखलंदाजी का विरोध करता है। घूमने के बहाने तिब्बत आकर यहां नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां करने का गुप्त इरादा रखने वाले व्यक्तियों का भी चीन कड़ा विरोध करता है। बीते 31 मार्च को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा था कि वॉशिंगटन, उन चीनी अधिकारियों पर अतिरिक्त वीजा प्रतिबंध लगाएगा जो तिब्बत में विदेशियों की पहुंच से जुड़ी नीतियां बनाने या लागू करने में महत्वपूर्ण रूप से शामिल रहे हैं।

## गुलाम नबी आजाद ने अपनी पार्टी की सभी इकाइयों को भंग किया

**जम्मू।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के चेयरमैन और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने पार्टी की सभी इकाइयों को भंग कर दिया है। इसमें प्रदेश, संभागीय, जिला व ब्लाक कमेटियां शामिल हैं। उन्होंने पार्टी के प्रवक्ताओं के पैनल भी भंग कर दिए है। चेयरमैन गुलाम नबी आजाद के सचिव बशीर आरिफ की तरफ से यह जानकारी दी गई। यह कहा गया है कि आने वाले समय में इकाइयों का पुनर्गठन किया जाएगा। गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त 2022 को कांग्रेस अलविदा कहते हुए 22 सितंबर 2022 को डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया था। जब आजाद ने पार्टी का गठन किया तो बढ़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आजाद की पार्टी का दामन थाम लिया मगर कुछ समय के बाद ही ताराचंद, बलवान सिंह, मनोहर लाल जैसे नेताओं ने आजाद से किनारा कर कांग्रेस में घर वापसी कर ली।आजाद ने अपनी पार्टी की मजबूती के लिए जम्मू कश्मीर में काफी रैलियां की। जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने, रोशनी कानून वापिस लाने समेत कई मुद्दों को उठाया। इकाइयों का गठन किया। उसके बाद लोकसभा के चुनाव आ गए।

## वक्फ कानून ने खास धर्म को बनाया निशाना, मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोले सीएम उमर अब्दुल्ला



जम्मू, 15 अप्रैल [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को नए वक्फ कानून का विरोध करते हुए कहा कि भारत एक पंथ निरपेक्ष राष्ट्र है और इसके बावजूद एक खास धर्म विशेष को निशाना बनाने के लिए यह कानून लाया गया है।आज दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हमारा मानना है कि इस कानून ने एक खास धर्म को निशाना बनाया है। हमें एक पंथनिरपेक्ष राष्ट्र माना जाता है, सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, हमारा मानना है कि हमें समान व्यवहार का अधिकार है। हम चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट इस पर फैसला सुनाए। अभी हम इंतजार करेंगे।

उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर कर दी है और अब इसे न्यायाधीशों पर छोड़ देते हैं। हम उन संगठनों में एक हैं, जिन्होंने इस कानून पर विचार करने के लिए इसे रद्द करने के लिए लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# राइफल लेकर बाबा साहेब की प्रतिमा को नमन करने पहुंचे विधायक, नेताजी को देख हर कोई रह गया हैरान

लुधियाना, 15 अप्रैल [एजेंसी]।



बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के 134वें जन्मदिवस के मौके पर हलका आत्मनगर से विधायक कुलवंत सिंह हाथ में राइफल लेकर मॉडल टाउन स्थित आंबेडकर नगर में बाबा साहेब की प्रतिमा को नमन करने पहुंचे। वहां मौजूद हर व्यक्ति उनके हाथ में राइफल देखकर हैरान था। सबसे पहले उन्होंने कच्ची लस्सी से प्रतिमा को स्नान करवाया। इसके बाद पुष्प चढ़ाए। इसके बाद उन्होंने आतंकी पन्नू को बंदूक दिखाकर बाबा साहेब की प्रतिमाओं को खंडित करने के बयान पर ललकारा। उन्होंने कहा कि यदि हिम्मत है तो पन्नू उनके सामने आकर प्रतिमा को हाथ लगाकर दिखाए। बाबा साहेब की प्रतिमा को किसी कीमत पर किसी को हाथ नहीं लगाने देंगे। विधायक सिद्धू ने कहा कि पन्नू जैसे आतंकी खुला चैलेंज कर रहे हैं कि वह बाबा साहिब की प्रतिमाओं को तोड़ देंगे, जबकि बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान के चलते आज स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने सभी को हक दिलाए हैं। ऐसे में हर नागरिक का हक है कि उनकी प्रतिमा की सुरक्षा करे। मैं खुद बाबा दीप सिंह का बेटा हूं। ऐसे में मेरा फर्ज है कि बाबा साहेब की प्रतिमा की रक्षा करूं।


इस दौरान हर व्यक्ति उनके हाथ में राइफल देखकर हैरान था कि आखिरकार वह राइफल लेकर क्यों आए है। विधायक ने कहा कि पन्नू जैसे आतंकी खुला चैलेंज कर रहे है कि वह बाबा साहेब की प्रतिमाओं को तोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान के चलते आज स्वतंत्रा का आनंद ले रहे है। उन्होंने हम सभी को हक दिलाए है। ऐसे में हर नागरिक का हक है कि उनकी प्रतिमा की सुरक्षा करें। मैं खुद बाबा दीप सिंह का बेटा हूं ऐसे में मेरा फर्ज है कि बाबा साहेब की प्रतिमा की रक्षा करना।

# मुर्शिदाबाद हिंसा का झारखंड में दिखा असर अपना घर छोड़कर राजमहल पहुंचा 170 हिंदू परिवार



**राजमहल (साहिबगंज)।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर हिंसा फैलने के बाद बंगाल के मुर्शिदाबाद के जाफराबाद गांव के लगभग 170 हिंदू परिवारों ने अपना-अपना आशियाना छोड़ सुरक्षित स्थानों पर शरण लिया है। इनमें से कई झारखंड के राजमहल भी पहुंचे हैं। नम आंखों से आपबीती सुनाते हुए पीड़ितों ने कहा कि हम सदमे में हैं। आगे क्या होगा, हमें नहीं पता। हिंसा में दास परिवार के दो सदस्यों की जान चली गई।राजमहल पहुंचने के बाद इस परिवार के सदस्य हृदय दास ने बताया कि हमलोगों का यहां पहुंचना आसान नहीं था। 85 वर्षीय बूढ़ी मां को मरीज बताकर एंबुलेंस में सवार होकर परिवार के 12 सदस्य (मोटरी दास, बापी दास, सुरिचिता सरकार,रूपचंद सरकार, सुष्मिता सरकार, आराध्या दास व अन्य) किसी तरह राजमहल स्थित अपने रिश्तेदार के घर पहुंचे। हृदय दास ने बताया कि बीते जुम्मे की नमाज के बाद एकाएक दंगा भड़का। दूसरे दिन शनिवार को दिन के लगभग 11 बजे बम और धारदार हथियार से लैस होकर और नकाब पहने 50-60 की संख्या में दंगाइयों ने हमला कर दिया।पुलिस लगभग चार घंटे बाद पहुंची, तबतक हमारे भाई हरगोविंद दास और भतीजा चंदन दास का हत्या कर दंगाइ फरार हो चुके थे। इस घटना को देखकर घर में कोहराम मच गया, फिर एंबुलेंस के जरिए हमलोग राजमहल पहुंचे। गांव के अन्य परिवार भी अपने-अपने रिश्तेदारों के पास पहुंच गए हैं। गांव पूरी तरह से खाली हो गया है।दास ने बताया कि वह धुलियान के जाफराबाद में नाश्ता की दुकान चलाकर अपना जीवन यापन कई वर्षों से करते आ रहे हैं, लेकिन मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने उनके भाई व भतीजे को मौत के घाट उतार दिया।उन्होंने कहा कि बंगाल की पुलिस पर लोगों का भरोसा उठ चुका है। यदि बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवान नहीं आते तो हालात बद से बदतर हो जाते।तारापुर कॉलोनी से आई महिला ने बताया कि कि बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवानों के चलते वहां का मंदिर बचा हुआ है। मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान स्थित तारापुर कालोनी के हिंदू समाज के पुरुष वर्ग ने अपनी अस्मिता व वजूद को बचाने की ठान ली है।उस कॉलोनी से राजमहल के पूर्वी नारायणपुर के दो नंबर कालोनी में सुरक्षित अपने रिश्तेदार के घर पहुंचीं। पापिया विश्वास ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात से जब दूसरे संप्रदाय के लोगों ने हिंसा फैलानी शुरू की तो उसके पति मिथुन विश्वास और घर के अन्य पुरुषों ने विचार किया कि पहले घर की महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित रिश्तेदारों के घर भेज दिया जाए, तब वे लोग उपद्रवियों का सामना सही तरीके से कर पाएंगे।घर में महिलाओं व बच्चों के रहने पर वे न तो उन्हें बचा पाएंगे और न ही स्वयं की रक्षा कर पाएंगे। यह सोचकर उनलोगों ने घर में मौजूद तीन महिलाओं व तीन छोटे-छोटे बच्चों को शनिवार की रात एक स्कार्पियो से पहले फरक्का और वहां से पूर्वी नारायणपुर स्थित दो नंबर कालोनी में अपने रिश्तेदार के घर भेज दिया।

## एआई से बनेगी अपराध रोकने की सटीक रणनीति, अमित शाह ने कहा- फारेंसिक के इस्तेमाल से न्याय मिलने में आई तेजी



**नई दिल्ली।** अगले एक-दो सालों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर अपराध पर कारगर रोक लगाने की रणनीति बनेगी। सीसीटीएनएस, ई-प्रीजन, ई-कोर्ट, ई-प्रोसेक्यूशन, ई-फारेंसिक और अपराधियों के फिंगरप्रिंट के डाटा बड़े पैमाने पर उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस डाटा का इस्तेमाल एआइ के सहारे अपराध रोकने की रणनीति बनाने में की जाएगी।इसके साथ ही उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद सजा दर में हुई बढ़ोतरी का हवाला देते हुए आने वाले समय में सही मायने में कानून का शासन लागू होने का भरोसा जताया।नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अखिल भारतीय न्यायालयिक विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अभी देश में सजा की दर 54 फीसद है, यानी लगभग आधे आरोपी अदालत से छूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद न सिर्फ त्वरित न्याय मिलने लगा है, बल्कि सजा की दर भी 30 फीसद बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश सजा की दर में 40 फीसद की बढ़ोतरी करने की है। यह फारेंसिक की मदद के बिना नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत में सजा की दर दुनिया में सबसे अच्छी होगी। अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में सात साल से अधिक सजा के मामले की जांच के लिए लगभग 30 हजार फारेंसिक एक्सपर्ट की जरूरत का अनुमान है। लेकिन नेशनल फारेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) से हर साल 32 हजार फारेंसिक एक्सपर्ट पढ़कर निकलेंगे।उन्होंने कहा कि एनएफएसयू विभिन्न राज्यों सात परिसर चल रहे हैं और अगले छह महीने नौ नए शुरू हो जाएंगे। जबकि 10 और नए परिसर स्थापित करने की योजना है। शाह ने कहा कि आरोपी और फरियादी दोनों के साथ अन्याय नहीं हो, इसके लिए फारेंसिक साइंस को आपराधिक न्याय प्रणाली का अहम हिस्सा बनाना जरूरी है।

# ब्रजमंडल के आसपास पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए प्वाइंट किये गए विकसित





आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मथुरा से करीब 150 किमी के आसपास मौजूद कुछ ऐसी रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूम सकते हैं और क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

मथुरा उत्तर प्रदेश का एक बेहद खूबसूरत और प्रमुख शहर है। मथुरा दिल्ली-एनसीआर से कुछ ही दूरी पर स्थित है। मथुरा को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यमुना नदी के किनारे बसे इस धार्मिक शहर में ऐसी कई पवित्र और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जहां पर देश के अलग-अलग कोने से लोग घूमने के लिए आते हैं। वहीं मथुरा में जब कपल्स के घूमने के लिए रोमांटिक जगहों की बात होती है, तो ऐसी बहुत कम जगहें हैं। इसलिए मथुरा का तमाम कपल्स आसपास की जगहों पर ट्रिप प्लान करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मथुरा से करीब 150 किमी के आसपास मौजूद कुछ ऐसी रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूम सकते हैं और क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

भरतपुर

अगर आप मथुरा के आसपास स्थित किसी ऐतिहासिक जगह को पार्टनर के साथ एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो कई लोग सबसे पहले भरतपुर पहुंचते हैं। यह राजस्थान का एक ऐसा ऐतिहासिक शहर है, जो अपने शाही मेहमान नवाजी के लिए जाना जाता है।

अगर आप मथुरा से भरतपुर के लिए सुबह-सुबह निकलते हैं, तो शाम तक आराम से वापस आ सकते हैं। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर महल और लोहागढ़ किला आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप अपने पार्टनर के साथ केवलादेव नेशनल पार्क में जंगल सफारी का लुत्फ उठा सकते हैं।

आगरा

वैसे तो मथुरा के आसपास कई ऐसी विश्व प्रसिद्ध रोमांटिक जगहें हैं, जहां पर कपल्स घूमने के लिए जा सकते हैं। मथुरा से आप आगरा घूमने के लिए जा सकते हैं। क्योंकि प्यार की निशानी %ताजमहल% आगरा में स्थित है। सिर्फ मथुरा ही नहीं बल्कि आसपास के अन्य कई शहरों से भी लोग आगरा घूमने के लिए आते हैं। यहां पर आप घूमने के लिए क्वालिटी टाइस स्पेंड कर सकते हैं।

आगरा में आप ताजमहल के साथ अन्य कई जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप बुलंद दरवाजा, मेहताब बाग, अकबर का मकबरा, आगरा फोर्ट और फतेहपुर सीकरी को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। आगरा में आप अपने पार्टनर के साथ स्वादिष्ट डिशेज का स्वाद चख सकते हैं।

धौलपुर

राजस्थान का प्रमुख और खूबसूरत शहर धौलपुर अपने इतिहास के साथ कई अन्य बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। धौलपुर लाल रंग के सैंडस्टोन के लिए पूरे भारत में फेमस है।

कपल्स के लिए यह एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। खासतौर, यह जगह उन कपल्स के लिए बेहद खास है, जो अपने पार्टनर के साथ शांत वातावरण में समय बिताना चाहते हैं। मथुरा से कई कपल्स यहां पर घूमने के लिए आते हैं। धौलपुर में आप शेरगढ़ फोर्ट, तालाब-ए-शाही, खानपुर महल, रामसागर अभयारण्य और धौलपुर पैलेस जैसी फेमस जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप रामसागर अभ्यारण्य में जंगल सफारी का भी मजा ले सकते हैं।

अलवर

मथुरा के आसपास अलवर भी एक ऐसी जगह है, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। यह राजस्थान का एक बेहद खूबसूरत शहर है, जहां पर दिल्ली-एनसीआर वाले घूमने के लिए पहुंचते हैं।

अलवर में आप अपने पार्टनर के साथ सिलीसेढ़ झील, सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान, कांकवाडी किला और बाला किला जैसी फेमस जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान में आप पार्टनर के साथ जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।



## खाना पकाते समय भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना खो देंगे खाने की पौष्टिकता

खुद को हेल्दी बनाए रहने के लिए पौष्टिक भोजन करना बहुत जरूरी है, इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है. शरीर को हेल्दी बनाए रहने के लिए विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व बहुत जरूरी है. इसमें जितना हो आप हेल्दी और घर पर बना ताजा भोजन खाएं. लेकिन लोग अनजाने में खाना बनाते समय कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिससे खाने की पौष्टिकता पर असर पड़ता है. इसकी वजह से खाने की पौष्टिकता कम हो जाती है. ऐसे में हम आपको इस लेख में बताएंगे खाना पकाने के समय से जुड़े कुछ ऐसे ही गलतियों के बारे में, जिससे खाने की पौष्टिकता कम हो जाती है.

**ज्यादा खाना को पकाना**- अक्सर लोग सब्जियों को स्वादिष्ट बनाने के लिए लंबे समय तक पकाते हैं. लेकिन सब्जियों को लंबे समय तक पकाने या तलने से उनमें मौजूद पोषक तत्व जैसे विटामिन और एंजाइम की मात्रा कम हो जाती है और स्वाद भी खराब हो जाता है. इसलिए सब्जियों को ज्यादा समय तक नहीं पकाना चाहिए.

**तेज आंच पर खाना पकाना**

भोजन को तेज आंच पर पकाने से पोषक तत्वों की गुणवत्ता कम हो जाती है. इसलिए आपको हमेशा धीमी आंच पर ही खाना बनाना चाहिए. धीमी आंच पर खाना पकाने खाने में भोजन में पोषक तत्व बरकरार रहते हैं.

**अधिक पानी में खाना बनना**

अगर खाना पकाने के लिए बहुत ज़्यादा पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इससे खाने में मौजूद पोषक तत्व कम हो सकते हैं. ऐसे में आप सब्जियों को उबालने के बजाय भाप में पकाएं. ऐसा करने से सब्जियों की पौष्टिकता कम नहीं होती है.

## जानें-अनजाने हम सभी कर रहे हैं माइक्रोप्लास्टिक का सेवन, इन तरीकों से करें कम

घर की रसोई में जिन खाद्य पदार्थों का हम रोजाना इस्तेमाल करते हैं, इन दिनों उनमें प्लास्टिक की मौजूदगी दर्ज की जा रही है। प्लास्टिक के इन महीन कणों को माइक्रोप्लासटिक कहा जाता है, जो 5 मिलीमीटर से भी छोटे होते हैं और इन्हें देख पाना मुश्किल होता है।

इन कणों को 2 प्रकार (प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक्स और द्वितीयक माइक्रोप्लास्टिक्स) में बांटा जाता है। आप माइक्रोप्लासटिक के सेवन को कम करने के लिए ये टिप्स अपना सकते हैं।

प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीना बंद करें

ज्यादातर लोग घर से बाहर निकलते ही प्लास्टिक वाली पानी की बोतल खरीद लेते हैं। हालांकि, ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं।

अमेरिका के एक अध्ययन में सामने आया है कि बोतलबंद पानी में लाखों छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को प्रभावित कर सकते हैं। एक लीटर बोतलबंद पानी में औसतन 2.40 लाख माइक्रोप्लास्टिक होते हैं।

इसीलिए, आपको प्लास्टिक की बोतल के बजाय स्टील, तांबे या अन्य धातुओं वाली बोतल में पानी पीना चाहिए।



नल के पानी को फिल्टर करें

माइक्रोप्लास्टिक आमतौर पर नल के पानी को दूषित करते हैं। नल के पानी में ये प्लास्टिक के कचरे और वायुमंडलीय जमाव जैसे स्रोतों के जरिए प्रवेश करते हैं।

इसे पीने से आप बीमार पड़ सकते हैं या आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। ऐसे में आपको पीने से पहले नल के पानी को अच्छी तरह फिल्टर कर लेना चाहिए।

घर में आरओ लगवाएं या अन्य तरीकों को अपनाकर पानी को शुद्ध करने का प्रयास करें।

पैकेट वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें

बाजार में बिकने वाले सभी खाद्य पदार्थों के पैकेट प्लास्टिक के ही होते हैं, फिर चाहे वो चिप्स हो या इंस्टेंट नूडल्स।

माइक्रोप्लास्टिक का सेवन कम करने के लिए आपको अपने खान-पान से प्लास्टिक के पैकेट वाले खाद्य पदार्थों को भी बाहर कर देना चाहिए। इनके बजाय ताजी सब्जियां और फल खरीदें और उन्हें कपड़े के थैलों में रखकर घर ले जाएं।

इसके अलावा, ऐसे प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को खरीदें, जो कांच, कपड़े या कागज वाली पैकेजिंग में बिकते हों।

जांचने के बाद ही नमक और चीनी खरीदें

हमारी रसोई में खान-पान के लिए रोजाना इस्तेमाल होने वाली चीनी और नमक में भी प्लास्टिक के कण पाए जाते हैं।

एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में बिकने वाले सभी ब्रांड के नमक और चीनी में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद होते हैं। ऐसे में आपको अपनी ओर से जांच करनी चाहिए और उसके बाद ही नमक और चीनी का चुनाव करना चाहिए।

आप चीनी की जगह पर गुड़, खजूर या शहद का सेवन भी कर सकते हैं।

सिंगल यूज प्लास्टिक को अलविदा कहें

भारत में हर छोटी-बड़ी पार्टी या समारोह में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल जरूर किया जाता है।

हालांकि, ये स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक होते हैं, क्योंकि इनमें बहुत ज्यादा मइक्रोप्लास्टिक मौजूद होता है। आपको प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप, गिलास, प्लेट, कटोरी और चम्मच का इस्तेमाल पूरी तरह बंद कर देना चाहिए।

इनकी जगह पर पत्तों से बनने वाले बर्तनों में खाना खाएं, जो कि सुरक्षित विकल्प होते हैं। रोजाना के खान-पान में स्टील के बर्तन ही इस्तेमाल करें।



## एल्नाज़ नोरौजी ने आखिरकार जेरार्ड बटलर के साथ अपने वायरल वीडियो पर चुप्पी तोड़ी

कई सप्ताह की अटकलों और जिज्ञासा के बाद ईरानी-जर्मन अभिनेत्री एल्नाज़ नोरौजी ने अंततः उस वायरल वीडियो के बारे में अपनी चुप्पी तोड़ दी है, जिसमें वह हॉलीवुड स्टार जेरार्ड बटलर के साथ नजर आई थीं।

कुछ दिनों पहले, एलनाज और जेरार्ड के साथ समय बिताते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ था। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने अनुमान लगाया कि वे दोनों साथ में छुट्टियां मना रहे हैं। हालांकि, एलनाज ने अब स्पष्ट किया है कि यह निजी पल उस समय का है जब वह और जेरार्ड फिल्म कंधार पर साथ काम कर रहे थे।

सेक्रेड गेम्स की अभिनेत्री ने बताया, मुझे पता है कि वीडियो सर्कुलेट हो रहा है। यह उस समय का एक निजी पल था जब जेरार्ड और मैं कंधार पर साथ काम कर रहे थे। मैं वास्तव में ऐसी परियोजनाओं से मिलने वाली दोस्ती और अनुभवों को महत्व देती हूं, और मैं कुछ यादों को निजी रखना पसंद करती हूं। हालांकि, मैं रुचि की सराहना करती हूं।

कंधार एलनाज की पहली हॉलीवुड फिल्म थी, जिसमें उनकी पहली मुलाकात स्कॉटिश अभिनेता और फिल्म निर्माता जेरार्ड बटलर से हुई थी। हालांकि उनका पेशेवर जुड़ाव सेट पर शुरू हुआ, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है। इससे पहले, एक बयान में नोरौजी ने बटलर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए इसे वास्तव में जादुई अनुभव बताया।

उन्होंने बताया कि बटलर न केवल पूरी फिल्मांकन प्रक्रिया के दौरान मज़ेदार और अविश्वसनीय रूप से दयालु थे, बल्कि उन्होंने कंधार में एक निर्माता और सह-कलाकार के रूप में अपनी भूमिका को भी उजागर किया। नोरौजी ने कहा, उनके साथ काम करना जादुई था - न केवल एक निर्माता के रूप में, बल्कि मेरे सह-कलाकार के रूप में भी, वह बहुत मज़ेदार और वास्तव में अच्छे हैं।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, एल्नाज़ नोरौजी अपनी आगामी फिल्म होटल तेहरान के साथ हॉलीवुड में धूम मचा रही हैं, जिसमें वह लियाम नीसन और ज़ैचरी लेवी के साथ अभिनय कर रही हैं। फिल्म जल्द ही रिलीज़ होने वाली है, और एल्नाज़ ने यह भी कहा है कि प्रशंसक निकट भविष्य में कई रोमांचक नई परियोजना की घोषणाओं की उम्मीद कर सकते हैं।

लियाम और ज़ैचरी के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, एल्नाज़ ने कहा, यह अद्भुत था, लेकिन हाँ, ज़ैचरी के साथ मेरा गहरा रिश्ता है क्योंकि मुझे उनके साथ कास्ट किया गया है, इसलिए बंधन मजबूत था। हमने बहुत पोकर खेला; वह एक बेहतरीन पोकर खिलाड़ी हैं। शूटिंग के बाद हर दिन यह हमारे लिए लगभग एक रस्म बन गई थी। यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे उनके द्वारा परिचित कराया गया था, और अब मैं इसे खेलने का पूरा आनंद लेती हूँ।

## वालीवुड में गर्मी के मौसम में लगातार कम हो रहे कपड़े



पूर्व मिस वर्ल्ड और बॉलीवुड एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने एक बार फिर अपने स्टाइल और एलिगेंस से फैंस का दिल जीत लिया है. हाल ही में मानुषी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह स्ट्रैपलेस ब्लू ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. मानुषी ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, नीला पहनना, लेकिन बिल्कुल विपरीत महसूस करना  यानी उन्होंने भले ही नीला रंग पहना है, लेकिन उनका मूड बिल्कुल उसके विपरीत यानी काफी पॉज़िटिव और फ्रेश है. तस्वीरों में मानुषी का कॉन्फिडेंस, उनके खुले बाल और मिनिमल मेकअप लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है. कई फैंस ने उन्हें क्रश , गॉर्जियस और क्वीन जैसे कॉम्प्लिमेंट्स दिए. एक यूज़र ने लिखा, आपका स्टाइल और एटीट्यूड दोनों ही कमाल के हैं. इस लुक में मानुषी एक छोटे से सिल्वर हैंडबैग के साथ नजर आ रही हैं, जो उनके आउटफिट को एक परफेक्ट फिनिश टच दे रहा है.

## शब्द सामर्थ्य -018

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्बात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 017 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# जामघाट की अवैध कोयला सुरंग को वन विभाग एवं एसईसीएल ने ब्लास्ट कर किया बंद



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर परिक्षेत्र के पटना क्षेत्र अंतर्गत जामघाट में संचालित एक अवैध कोयला सुरंग को वन विभाग और स्श्वष्टरु (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) की संयुक्त कार्यवाही के तहत ब्लास्ट कर पूर्णत: बंद कर दिया गया है। जिला वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर ख़लको ने जानकारी दी है कि यह सुरंग लंबे समय से अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, जिससे न केवल राजस्व हानि हो रही थी, बल्कि पर्यावरणीय क्षति और सुरक्षा संबंधी गंभीर खतरे भी उत्पन्न हो रहे थे। शिकायतों के आधार पर विभागीय अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और खनन गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोकने हेतु यह कठोर कदम उठाया गया है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए सुरंग को विस्फोटक सामग्री द्वारा ध्वस्त किया गया। इस संयुक्त अभियान में वन विभाग, पुलिस विभाग, खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ स्श्वष्टरु के तकनीकी विशेषज्ञ, सुरक्षाकर्मी एवं स्थानीय प्रशासन भी उपस्थित थे। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एसईसीएल के अधिग्रहित क्षेत्र पण्डोपारा में अनिश्चितकालीन हड़ताल



**कोरिया बैकुंठपुर।** एसईसीएल द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहित की गई जमीन के बदले लंबे समय से नौकरी व मुआवजा की मांग करने वाले खोंड़ सोरगा टेमरी के पिड़ित किसानों की मांग पूरी नही होने के कारण सभी एकजुट होकर रविवार को सोरगा चौक में कोल परिवहन रोक कर अनिश्चितकालीन चक्का जाम एवं आंदोलन शुरू कर दिया गया।

जिससे रविवार को दिनभर एसईसीएल पांण्डवपारा एवं झिलमिली कोयला खदान से उत्पादन कोयला का कटोरा साइडिंग तक परिवहन ठप रहा चक्का जाम करने वाले पीड़ित किसानों को धरना प्रदर्शन समाप्त करने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारी ने मौके में पहुंचकर समझाइस दी शांती महोल से हड़ताल करे हम आपके मागो को पुरा कराएंगे धरना प्रदर्शन दुसरे दिन भी जारी है चक्का जाम कर रहे पीड़ित किसानों ने अधिकारियों से कहा की हमारी भूमि को एसईसीएल पाण्डवपारा के द्वारा पिछले 15 मई1989से 18 जुलाई 1992 तक की समय से किया गया अधिग्रहण के एवज में 36 वर्षों के बाद भी मुआवजा या नौकरी नहीं दिया गया इसलिए हमने एसईसीएल से 40 वर्षों का पूर्ण रोजगार0.01आरए भूमि के हिसाब से या जक कॉल रिकवरी जो भूमि के बदले रोजगार प्राप्त करके जितना राशि प्राप्त किया उतनी राशि के के साथ एरिस बोनस और सेवानिवृत होने के बाद एक मुफ्त जमा राशि दे या 35 से 36 हर जाना5 लाख रुपये प्रतिवर्ष एवं जमीन की वापसी या 8 लख रुपए प्रति डिसमीन के हिसाब से मुआवजा या 2 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिया जाए यह मांग किया जा रहा है जबकि पिडित किसानों के द्वारा एसईसीएल को जानकारी पहले से दिया गया सोरगा चौक में रविवार सुबह से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया जबकि पीड़ित किसान अपने मांगों को लेकर दिनभर डटे रहे एवं सोमवार को भी शांति माहौल से हड़ताल में डटे रहे झिलमिली एवं पांण्डवपारा कोयला खदान से कटोरा साइडिंग तक होने वाला कोल ट्रांसपोर्ट दो दिन से ठप्प रहा जिससे एसईसीएल का 2 दिन से 3 लाख तक नुकसान हुआ जो अभी तक धरना प्रदर्शन में बैठे हुए किसान का कोई पहल निकला पांडवपारा प्रवीण कुमार दुबे सोमवार साय बबन यादव अवधेश कुशवाहा भोला सिंह मान साय मंगल साय देव नरायन अमर साय गनेश कुशवाहा शेष मन देवंती।

# समाज में व्याप्त सामाजिक असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएं:तिवारी

## भाजपा ने संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाया



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर शिवपुर-चरचा मंडल में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सभी समुदाय वर्गो के लोगो ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुन्ती चक्रधरी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुभाष साहू, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, राजाराम राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े उपस्थित रहें।

जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, भीमराव अम्बेडकर, जिन्हें डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था और उनका 6 दिसंबर 1956 को नई दिल्ली में निधन हो गया था। अम्बेडकर का जन्म महार जाति में हुआ था, उन्होंने अपने जीवन में भेदभाव और सामाजिक अन्याय का अनुभव किया। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से खुद को आगे बढ़ाया और विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने अपने जीवन में समाज में व्याप्त सामाजिक असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाये। उन्होंने दलितों के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए संघर्ष किया। जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत की पीड़ा को बचपन से ही सहा था। जाति प्रथा और ऊंच-नीच के भेदभाव को उन्होंने न सिर्फ महसूस किया, बल्कि उसके कारण कई बार अपमान का सामना भी किया। इसी अन्याय के खिलाफ उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। उनका उद्देश्य था कि निम्न जातियों को छुआछूत जैसी अमानवीय प्रथा से मुक्त किया जाए और समाज में उन्हें समान अधिकार व सम्मान दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि, अंबेडकर का भारतीय समाज में योगदान विशाल और विविध है, जो एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनेता और कानूनी विद्वान के रूप में उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को दर्शाता है। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि, भाजपा द्वारा द्वारा भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई एवं संध्या के समय दीपोत्सव मनाया गया। साथ ही 14 अप्रैल को शिवपुर चरचा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माता बाबा साहेब को याद किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संगीता गुप्ता, पार्षद प्रदीप तिवारी, कुंडल साय, संजय देवांगन, धर्मपाल कुर्रे, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, रमन गुप्ता, सरपंच रामाशंकर उईके, रोशन राजवाड़े, उमाशंकर बंटी, रवि त्रिपाठी, मनोज सोनवानी, संतोष राजवाड़े, शिल्पा शर्मा, रोशन ओझा, उर्मिला सिंह, सीमा सिंह, साक्षी सिंह, सिमरन, विनोद सिंह, भोला पाण्डेय, राजवीर सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

***भिलाई।** भिलाई के सेक्टर-9, सड़क 14 स्थित मकान नंबर 6 में खड़ी ज़ाइलो गाड़ी में अचानक भीषण आग लग गई। यह मकान बीएसपी अधिकारी का बताया जा रहा है।

# सोनहत में आवा पानी झोंकी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सोनहत में आवा पानी झोंकी अभियान के तहत एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगणों द्वारा किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रैली के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर विषय बन चुका है और पानी की एक-एक बूँद का संरक्षण आवश्यक है। रैली के दौरान पानी बचाओ - जीवन बचाओ, हर बूँद कीमती है, जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। जनप्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि वे नलों को खुला न छोड़ें, खेती में जल संरक्षण तकनीकों का उपयोग करें तथा वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाएं। इस मौके पर सरपंच ने कहा, हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम जल को व्यर्थ न बहाएं। यदि आज हम सचेत नहीं हुए, तो भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। रैली ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचायत भवन तक निकाली गई, जहाँ जल संरक्षण से जुड़ी जानकारियाँ दी गईं और ग्रामीणों से अपील की गई कि वे इस मुहिम को अपने घर-घर तक पहुँचाएं।

ग्रामीणों बेटी बचाने और बेटी के जन्म के साथ पांच पौधे लगाने जैसे संकल्प भी लिया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लगातार जिले में पानी बचाने के उपाय पर कार्यशाला व जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। आज सोनहत में ग्रामीणों के साथ-साथ युवा वर्ग, स्कूली छात्र एवं महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं, जिससे यह पानी बचाने, हरियाली लाने और बेटी की महत्ता पर यह रैली एक प्रभावशाली जागरूकता अभियान में बदल गई।

# समता, सद्भाव और राष्ट्रीयता के आधार है डॉ.अम्बेडकर: जिलाध्यक्ष



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर शिवपुर-चरचा मंडल में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सभी समुदाय वर्गो के लोगो ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुन्ती चक्रधरी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुभाष साहू, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, राजाराम राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े उपस्थित रहें। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, भीमराव अम्बेडकर, जिन्हें डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था और उनका 6 दिसंबर 1956 को नई दिल्ली में निधन हो गया था। अम्बेडकर का जन्म महार जाति में हुआ था, उन्होंने अपने जीवन में भेदभाव और सामाजिक अन्याय का अनुभव किया। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से खुद को आगे बढ़ाया और विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने अपने जीवन में समाज में व्याप्त सामाजिक असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाये। उन्होंने दलितों के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए संघर्ष किया। जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत की पीड़ा को बचपन से ही सहा था। जाति प्रथा और ऊंच-नीच के भेदभाव को उन्होंने न सिर्फ महसूस किया, बल्कि उसके कारण कई बार अपमान का सामना भी किया। इसी अन्याय के खिलाफ उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। उनका उद्देश्य था कि निम्न जातियों को छुआछूत जैसी अमानवीय प्रथा से मुक्त किया जाए और समाज में उन्हें समान अधिकार व सम्मान दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि, अंबेडकर का भारतीय समाज में योगदान विशाल और विविध है, जो एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनेता और कानूनी विद्वान के रूप में उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को दर्शाता है। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि, भाजपा द्वारा द्वारा भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई एवं संध्या के समय दीपोत्सव मनाया गया। साथ ही 14 अप्रैल को शिवपुर चरचा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माता बाबा साहेब को याद किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संगीता गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मृदुली, पार्षद प्रदीप तिवारी, कुंडल साय, संजय देवांगन, धर्मपाल कुर्रे, सुनिल विश्वकर्मा, दशरत मोदी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, रमन गुप्ता, सरपंच रामाशंकर उईके, विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू, रोशन राजवाड़े, उमाशंकर बंटी, रवि त्रिपाठी, मनोज सोनवानी, संतोष राजवाड़े, शिल्पा शर्मा, रोशन ओझा, उर्मिला सिंह, सीमा सिंह, साक्षी सिंह, सिमरन, विनोद सिंह, भोला पाण्डेय, राजवीर सिंह, मयंक राठौर, सुजय जैन, शिवबालक राजवाड़े, कमलेश साहू, अभिषेक साहू, जय चक्रधारी, जय राजवाड़े, महेश राजवाड़े, रविशंकर राजवाड़े, लव रवि, श्रीराम दुबे, चन्द्रप्रकाश राजवाड़े, दिलीप राजवाड़े, रमेश तिवारी, भीम राजवाडे, संतोष राजवाड़े, किसुन, खिलेन्द्र राजवाड़े, अवधेश राजवाड़े, अशोक राजवाड़े, रामकली सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# अंबेडकर जयंती पर वक्ताओं ने असमानता की खाई को पाटने पर दिया जोर



**कोरिया बैकुंठपुर।** कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज में किए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त पक्षधर भी थे।

डॉ. अंबेडकर का जीवन संदेश देता है कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन के माध्यम से किसी भी सामाजिक बंधन को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा वंचित और दबे-कुचले वर्गों की आवाज़ को बुलंद किया और एक समतामूलक समाज की नींव रखी। विचार गोष्ठी में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज के दौर में डॉ. अंबेडकर की विचारधारा पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही देश को सामाजिक समरसता और न्याय की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

इस अवसर पर मौजूद जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, गणेश राजवाड़े, शैलेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव, बिहारी राजवाड़े, रियाजउद्दीन, राजीव गुप्ता, संगीता राजवाड़े, संजोती मरकाम, विकाश श्रीवास्तव धीरज सिंह, यूसुफ इराकी, वसीम खान, वसीम (वकील), धीरू शिवहरे, मनीष सिंह, कुंवरसाय, हीरालाल साहू, रामकुमार, शशि मांझी, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, फ़ारोग सिद्दीकी, आर्यन एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कार को ट्रक ने मारी टक्कर

**रायपुर।** बीती रात सुपेला थाना के सामने एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई जब पावर हाउस से दुर्ग की ओर जा रही एक डिज़ायर कार को तेज़ रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार पलट गई, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकालकर इलाज के लिए सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा गया। 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के दौरान पीछे आ रहे दोपहिया वाहन भी चपेट में आ गए, जिसमें दो बच्चे भी घायल हुए हैं।

# कैसे आ सकती में सामाजिक समरसता, जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में इस विषय पर हुआ विचार मंथन



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय स्थित मंथन कक्ष में राज्य शासन के निर्देशानुसार विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समतामूलक समाज की स्थापना में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही बेटी संग पांच पौधे अभियान के अंतर्गत लोगों को पौधारोपण और बेटियों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिससे सामाजिक संतुलन और पर्यावरण सुरक्षा दोनों को बढ़ावा मिल सके। बहुउद्देशीय कार्यक्रम में जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15 से 30 अप्रैल 2025 तक चलाए जाने वाले मोर द्वार साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा की जानकारी हितग्राहियों को दी गई, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह से उनके विचारों को जीवन में अपनाने की अपील की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन को संक्षेप में रखते हुए जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में आम जनता की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान आगामी 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ की जानकारी दी गई। इसके तहत प्रत्येक विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में सीएससी-विले के माध्यम से नागरिकों को बैंकिंग, शासकीय सेवाएं, प्रमाण पत्र, बीमा, पेंशन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड जैसी डिजिटल सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक आधारभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो,राकेश कुमार साहू, गीता राजवाड़े एवं विभिन्न समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फंगस से फूलों की खेती पर खतरा

**कोरबा।** ग्रीष्मकाल में पेड़-पौधों पर फंगस का डेरा जमने लगा है। सबसे ज्यादा असर बागवानी फसलों के अलावा फूलों पर हो रहा है। इस वजह से इनकी पहचान मिटने का डर है। उद्यानिकी विभाग ने सलाह दी है कि पेड़ों को बचाने के लिए टैरबिना फाइन, माइकोनाजोल और बेरीकोनाजोल जैसे लिक्विड को पानी में घोल बनाकर इसका स्प्रे करना बेहतर होगा। ऐसे प्रयोग से फंगस की समस्या पर ब्रेक लगाया जा सकता है।

## भाजपाइयों ने निकाली रैली

**कोरबा।** कल अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा के द्वारा मंडलों में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। भिलाईबाजार मंडल में भाजपाईयों ने रैली निकालते हुए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विनिता जायसवाल, विनोद यादव व मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर शामिल हुए। रैली पूरे गांव में भ्रमण करते हुए स्कूल तक पहुंची और स्कूल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए बाबा साहब अंबेडकर को याद किया गया। जवाली में भी कटघोरा मंडल के द्वारा चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, छुरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, प्रीतम देवांगन, अभिषेक गर्ग, राजेंद्र टंडन, डेकांत देवांगन, टिकैत डोंगरी, रमेश श्रीवास, जय गर्ग, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला भाजपा कार्यालय में भी नगर मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर बाबा साहब अंबेडकर को याद करते हुए मिठाई वितरण किया गया। बालको में भी भदरापारा चौक में कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन, डिलेंद्र यादव, अर्चना झा, हेमलता निर्मलकर, संजय पांडेय सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए। बरपाली मंडल में भी अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में सभी बूथों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### जवाली में किया स्मरण

**कोरबा।** जवाली पंचायत में भीमराव को जयंती पर याद किया गया। अध्यक्ष झूलबाई, उपाध्यक्ष ममता राठौर, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में सीईओ सहित जनपद सदस्य और सरपंचों ने हिस्सा लिया।

# पाइप लाइन फटने के बाद मोटर जली पांच दिन से पानी के लिए मारामारी

**कोरबा।** बैसाख की शुरुआत से पहले ही कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में पानी को लेकर लोग विकट परेशान हैं। पांच दिन से उन्हें यहां-वहां से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। तकनीकी समस्या इसकी प्रमुख वजह बताई जा रही है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर जोर दिया गया। लंबे समय से इस तरह की परेशानी गर्मी के सीजन में कटघोरा में आना समझ से परे है।

खबर के अनुसार कटघोरा में पाइप लाइन फूटने से जल प्रदाय कार्य बाधित हो गया। जिसे नगर पालिका द्वारा सुधार दिया गया लेकिन इसके बाद फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी के चलते तीन मोटरें जल गईं, जिससे पानी की सप्लाई बाधित हो गई। कहीं भी नल-जल प्रणाली से पानी देना मुश्किल हो गया। ऐसे में प्राइवेट बोरवेल से टैंकर भरकर यहां-वहां आपूर्ति कराई गई। जबकि बड़े हिस्से में लोगों ने अपने स्तर पर पानी का प्रबंध किया और पड़ोसियों की जरूरत पूरी कर संवेदनशीलता दिखाई।

नगरवासियों ने इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन तक शिकायत की। इस पर जिला कलेक्टर ने कटघोरा नगर पालिका के






मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को तत्काल जल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। सीएमओ द्वारा कलेक्टर को जानकारी दी गई कि पाइपलाइन की मरम्मत हो चुकी है और जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। लेकिन हकीकत यह है कि नगर में अब भी पानी नहीं आ रहा है।

हालांकि, नगर पालिका अध्यक्ष ताज जायसवाल का कहना है कि फिल्टर प्लांट में खराब हुई मोटरों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है और उम्मीद है कि कल सुबह से नगर में जल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

### दिनचर्या बिगड़ी लोगों की

नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। चार दिनों से पानी की अनुपलब्धता ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। कारण यह है कि लोगों को पानी का प्रबंध करने के लिए जल्दी उठने के साथ श्रम करना पड़ता है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### *आज शाम तक आपूर्ति बहाल*

*तकनीकी कारणों से जल प्रदाय व्यवस्था बाधित हुई, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को परेशान होना पड़ा। आवश्यक सुधार कार्य किया जा रहा है। आज शाम तक जल प्रदाय व्यवस्था बहाल कर ली जाएगी।*

*- **राज जायसवाल,** अध्यक्ष, नपा कटघोरा*

# कुदमुरा रेंज में फिर पहुंचा 39 हाथियों का दल



### बढ़ी सतर्कता, ग्रामीणों को किया अलर्ट

**कोरबा।** जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 39 हाथियों का दल एक बार फिर पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को आज सुबह रेंज के गीतकुंआरी जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वहीं वन अमला भी सतर्क हो गया है। मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ गांवों में मुनादी कराने का काम भी शुरू कर दिया गया है। लोगों को हाथियों के आने की जानकारी देते हुए उनसे दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है। हाथियों का यह दल काफी दिनों से धरमजयगढ़ एवं कोरबा के कुदमुरा रेंज में सक्रिय है। हाथियों का दल कभी धरमजयगढ़ वनमंडल के जंगल पहुंच जाता है तो कभी जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में। हाथियों का यह दल तीन दिन पहले धरमजयगढ़ की ओर गया था लेकिन 48 घंटे तक वहां के जंगल में विचरण करने के बाद आज तड़के फिर वापस आ गया और गीतकुंआरी के जंगल में विचरण करने के साथ डेरा डाल दिया है। उधर करतला वन परिक्षेत्र के चिकनीपाली जंगल में आधा दर्जन हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। यहां हाथियों ने एक गुफानुमा स्थल को अपना रहवास बनाया है और काफी दिनों से यहीं डेरा डाले हुए है। जहां कोरबा वनमंडल के कुदमुरा एवं करतला रेंज में हाथियों का दल विचरण कर रहा है वहीं कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान व जटगा रेंज में 62 हाथी अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।

# 1.30 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण होगा दो वनमंडल में

### लगभग डेढ़ लाख संग्राहक को मिलेगा काम

**कोरबा।** जंगलों में होने वाले तेंदूपत्ता से कई प्रकार के उद्यम को गति मिल रही है और ग्रामीणों को रोजगार। वन संपदा से लबरेज कोरबा जिले के दो वनमंडल में एक पखवाड़े बाद इस काम को शुरू किया जाना है। इसके लिए वन विभाग ने कान्ट्रेक्ट दे दिया है। इसके हिसाब से संग्रहण की प्रक्रिया संपादित होगी।

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी दोनों वनमंडल के तेंदूपत्ता को लेकर बाहर के राज्यों से अच्छी दिलचस्पी दिखी। अपेक्षित दर पर बोली आई है और वनमंडल का तेंदूपत्ता नीलाम हुआ है। मुख्य रूप से बीड़ी और दूसरे उद्यम में इसकी उपयोगिता सुनिश्चित होती है। तेंदूपत्ता के मामले में क्वालिटी सबसे अहम होती है और इसी आधार पर कीमतों का निर्धारण होता है। मिट्टी से लेकर



जलवायु इस दिशा में सबसे खास भूमिका निभाते हैं और इसी आधार पर वनोपज को तैयार होने में मदद मिलती है। कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम ने बताया कि हमारे वनमंडल में 38 समितियां इस काम के लिए अधिसूचित की गई है। उनके अंतर्गत सैकड़ों फड़ें अपना काम करेगी। इस वर्ष भी संग्रहण कार्य के लिए नवीनीकृत पंजीयन हुआ है। सरकार के द्वारा संग्रहण की जो दरें तय की गई है उसके हिसाब से उन्हें भुगतान किया जाएगा। जल्द ही हम पूरे कार्यक्रम को चाकआउट करेंगे। अधिकारी को विश्वास है कि तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसकी पूर्ति भी जरूर होगी। वनमंडल कोरबा को लगभग 55 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित करना है। 70 हजार से अधिक लोग इस काम में जुटेंगे।

जबकि कटघोरा वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए 482 फड़ बनाई गई है। डॉक्यूमेंटेशन के काम से जुड़े रमन्ना राव ने बताया कि 76 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता का लक्ष्य हमें प्राप्त हुआ है। 76 हजार 300 श्रमशक्ति का पंजीयन इस काम के लिए किया गया है। संभवत: 1 मई से हमारे यहां इस काम को शुरू किया जाएगा। वनमंडल में 7 परिक्षेत्र हैं जहां पर इस कार्य को किया जाना है। राव ने बताया कि इस प्रक्रिया को लेकर कांट्रेक्ट संबंधी औपचारिकता पहले ही हो चुकी है। प्रयास होगा कि मौसम की अनुकूलता के हिसाब से कामकाज निर्धारित अवधि में कर लिया जाए।

### साख कर्तन और प्रशिक्षण पूरा

वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर साख कर्तन की शुरुआती प्रक्रिया पहले ही पूरी करा ली है। संग्रहण का काम जितने स्तर पर होना है उसके लिए यूनिट के हिसाब से मैदानी अमले को प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है ताकि किसी भी प्रकार की समस्या आड़े न आए। जोर इस बात पर भी है कि किसी भी कीमत पर जंगलों में आग लगाने वाली शक्तियां हावी न रहे। ऐसे किसी भी शिकायत पर एक्शन लिया जाएगा।

# फिर जाम.... एंबुलेंस सहित अनेक वाहन फंसे, बढ़ी मुसीबत



**कोरबा।** एक तरफ रेल फाटक .. और कई रास्ते पर जाम। पिछले कुछ दिनों से ऐसी तस्वीर हो गई है कोरबा शहर की। हद तो तब हो गई जब मरीज को अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस के अलावा स्कूल बस सहित कई छोटे बड़े वाहन इसमें फंस गए। अपने गंतव्य पहुंचने की चिंता में लोग काफी परेशान हुए।

क्या होगा अगर कोरबा नगर के रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम में कई घंटे तक ऐसी गाड़ियां फस जाए और वह भी गर्मी के मौसम में ? सीधी सी बात है लोगों की जान पर बन आएगी और उन्हें इस बात की भी चिंता होगी कि पता नहीं कब क्या हो जाए। 40 डिग्री तक पहुंच चुके तापमान के बीच परेशानी ऐसे ही है। ऐसी स्थिति में हर कोई जल्दी से अपनी मंजिल तक पहुंचने को लेकर उतावला होता है। इन सब के बीच अगर रेलवे क्रॉसिंग बंद है और वहां से आना-जाना करने वाली रेलगाड़ी तकनीकी कारण से फस जाए तो मुसीबत का दोगुना होना स्वाभाविक है। आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत परियोजना चौराहे पर रेलवे क्रॉसिंग में जाम की स्थिति ने हर किसी को घंटे परेशान किया। गंभीर बात यह रही की फाटक के दोनों तरफ सैकड़ो की संख्या में गाड़ियां फंसी हुई थी। इनमें एंबुलेंस में मरीज थे जिन्हें अस्पताल पहुंचाने की जल्दी थी। स्कूलों में छुट्टी के बाद विद्यार्थी अपने घर जा रहे थे वह भी मौके पर परेशान हुए। कार्यस्थल जाने वाला वर्ग भी इस वजह से काफी चिंतित दिखा। खबर में बताया गया कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की माइंस से कोयला लेकर डीएसपीएम प्लांट को जा रही मालगाड़ी यहां फस गई। इसके चलते समस्या का विस्तार हो गया। तीन दिन पहले शारदा विहार से ट्रांसपोर्ट नगर के बीच एक मालगाड़ी के डीरेल होने के बाद मेंटेनेंस तो कर लिया गया लेकिन उसके बाद से स्पीड पर लगातार अंकुश लगा हुआ है और इसके चलते मालगाड़ियों को उतनी जल्द आगे निकलने की अनुमति नहीं मिल पा रही है जिसकी जरूरत है और इसी वजह से समस्याएं आड़े आ रही हैं।



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय का पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दीपका नगर पालिका के पार्षद सुजीत सिंह एवं भाजपा नेता मनोज दुबे शामिल हुए।

# पूजा-अर्चना और पारंपरिक संगीत के साथ मनाया बांग्ला नववर्ष

**कोरबा।** औद्योगिक नगरी कोरबा में निवासरत बंगाली समुदाय ने पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ बांग्ला नववर्ष पोइला बैसाख का स्वागत किया। इस अवसर पर बालकोनगर, कोरबा कालीबाड़ी मंदिर और रीक्रिएशन क्लब में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक संगीत, नृत्य, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरें।

बंगाली समाज के लिए पोइला बैसाख केवल कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि एक नवचेतना और सामाजिक एकजुटता का उत्सव होता है। कालीबाड़ी परिसर एसईसीएल कॉलोनी और पोड़ीबहार स्थित मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ दिन की शुरुआत हुई। भक्तिमय भजनों और मंत्रोच्चारण के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पूजा-अर्चना के उपरांत सामूहिक प्रसाद वितरण भी किया गया।

समुदाय के लोगों ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर इस मौके को खास बनाया। महिलाओं ने लाल-सफेद साड़ियों में और पुरुषों ने परंपरागत वेशभूषा का उपयोग किया। पारंपरिक संगीत की स्वर लहरियों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। कोरबा बांग्ला संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नववर्ष को बड़े उत्सव के रूप में मनाया गया। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रमों में खासतौर पर नृत्य प्रतियोगिता, संगीत प्रतियोगिता, और बच्चों के लिए ड्राइंग एवं कविता पाठ जैसी गतिविधियां रखी गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास किया गया। विजेताओं को सम्मानपत्र और स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। कोरबा में बड़े स्तर पर यह आयोजन 17 अप्रैल को संपन्न होगा।

संगठन के सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से ना केवल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि सामुदायिक सौहार्द्र और एकता को भी बल मिलता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

# सत्या और हरजीत को संगीत प्रकोष्ठ का दायित्व

**कोरबा।** पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन परिवार के लिए एक नये अध्याय की शुरुआत की गई। जिले के संगीतकारों की उपस्थिति में मुकुटधर संगीत प्रकोष्ठ का गठन किया गया। साहित्य भवन के संरक्षक एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में इस प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती अर्चना साहू बनाई गई हैं। सत्या जायसवाल व हरजीत सिंह राजपाल सह संयोजक, शिव साहू कोषाध्यक्ष बनाये गये। कार्यकारिणी के रुप में जय



नारायण राठौर व दिनेश सिंह, भरत लाल साहू बनाये गये हैं। इनके नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ कोरबा जिले में संगीतकारों को संगठित कर गतिविधियाँ संचालित करेंगी।

## पूर्णिमा राष्ट्रीय कार्य समिति में शामिल

**कोरबा।** बिजली राष्ट्रीय महासंघ का अधिवेशन रायपुर में आयोजित किया गया। इसमें कोरबा की पूर्णिमा साहू को राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में आरएस जायसवाल, नवरतन बरेठ, चंद्रशेखर दुबे, शब्बीर मेमन आदि उपस्थित थे।

जय श्रीराम
प्लाट व मकान उपलब्ध
कोसाबाड़ी में 57 डिसमिल, दादर रोड उपर 20 डिसमिल एवं मुड़ापार रामनगर में नवनिर्मित मकान उपलब्ध है।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com